WEEKLY

# थिंक राजस्थान

सोच नई, राजस्थान के लिए

वर्षः 01 | अंकः 03 | पृष्ठः 8 | अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) | जयपुर, बुधवार 29 जुलाई, 2026 | मूल्यः ₹10.00 | प्रभात | RNI NO. RJMUL/26/A4290

## 'यूथ अड्डा' के जरिए जेन जी को आत्मनिर्भर बनाने में जुटी यूपी सरकार

लखनऊ। आज की जेनरेशन जेड (जेन जी) पारंपरिक नौकरी की तलाश तक सीमित नहीं रहना चाहती। यह पीढ़ी नवाचार, तकनीक, स्टार्टअप, डिजिटल बिजनेस और आत्मनिर्भरता में अपना भविष्य देखती है। जिन युवाओं का जन्म 1997 के बाद हुआ, वे इंटरनेट, स्मार्टफोन और डिजिटल तकनीक के साथ बड़े हुए हैं। ऐसे में उन्हें केवल रोजगार नहीं, बल्कि अवसर, मार्गदर्शन, नेटवर्किंग और उद्यमिता का पूरा इकोसिस्टम चाहिए।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसी बदलते सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य को बहुत पहले समझ लिया था। यही कारण है कि प्रदेश सरकार ने केवल रोजगार योजनाओं तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि युवाओं को उद्यमी बनाने की सोच के साथ सीएम युवा और यूथ अड्डा जैसी अभिनव अवधारणा को विकसित किया। इसका उद्देश्य युवाओं को नौकरी तलाशने वाले से आगे बढ़ाकर रोजगार सृजित करने वाला बनाना है। इस पहल का उद्देश्य केवल वित्तीय सहायता देना नहीं, बल्कि विचार, कौशल, तकनीक, मार्गदर्शन और बाजार सभी को एक मंच पर उपलब्ध करवा कर युवाओं के लिए उद्यमिता का नया इकोसिस्टम तैयार करना है। आज का युवा केवल ऋण या अनुदान नहीं चाहता।

# पैलेट गन चलाने का आदेश किसने दिया...?
# प्रियंका गांधी ने कहा- PM को कैमरे का एंगल नहीं, दिल का एंगल बदलना होगा

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र में पेपर लीक को रोकने के लिए लाए गए कानून पर चर्चा करते हुए कांग्रेस की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सरकार पर तीखे प्रहार किए। लोकसभा में परीक्षा संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान उन्होंने 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन पर लाठीचार्ज को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने पूछा कि लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल करने की क्या आवश्यकता थी। इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इंस्टाग्राम पर रील्स बनाए जाने को लेकर भी तंज किया। प्रियंका ने कहा कि पीएम को कैमरे का नहीं बल्कि दिल का एंगल बदलना चाहिए। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश के युवाओं पर किसके कहने पर हमला किया गया। उन्होंने पूछा कि आखिर क्या जरूरत थी, बच्चों पर टीयर गैस छोड़ने की, लाठियां बरसाने की। बच्चे थे, वे कोई आतंकवादी नहीं थे। कांग्रेस ने पूछा कि किसने आदेश दिया था बच्चों पर एके-47 और पेलेट गन से हमला करने की। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, ''देश के युवाओं पर पेलेट गन और AK-47 चलाने की क्या जरूरत थी? क्या वे आतंकवादी थे?... पेलेट गन इस्तेमाल करने का ऑर्डर किसने दिया?...क्या प्रधानमंत्री ने दिया? क्या गृह मंत्री ने दिया? उन्हें जवाब देना चाहिए। पूरा देश पूछ रहा है। यह सिर्फ कांग्रेस पार्टी नहीं है। पूरा देश जवाब मांग रहा है।'' प्रियंका ने आगे कहा, ''इस सरकार ने रोजगार देने वाले सभी सेक्टर को लगातार कमजोर किया है। एग्जामिनेशन सिस्टम खुद फेल हो गया है। पिछले दस सालों में 152 पेपर लीक हुए हैं। करोड़ों स्टूडेंट्स पर असर पड़ा है, फिर भी एक भी दोषी, पेपर लीक माफिया के एक भी सदस्य को सजा नहीं मिली है।'' प्रियंका ने प्रधानमंत्री से कहा, 'आपके शासन के चलते नौजवान पीढ़ी के साथ घोर अन्याय हुआ है। इस सच्चाई को स्वीकार कीजिए। अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटने से काम नहीं चलेगा। आदरणीय प्रधानमंत्री जी, आपको जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी। ठोस कदम उठाने पड़ेंगे।'' पीएम मोदी ने छात्र आंदोलन के बाद नई पीढ़ी से इंस्टाग्राम पर बातचीत बढ़ाया है। उन्होंने रील्स बनाए हैं। इस पर तंज करते हुए प्रियंका ने कहा कि पीएम को



कैमरे का नहीं बल्कि दिल का एंगल बदलना होगा। लोकसभा में पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के युवाओं, खासकर जेन जी का विश्वास जीतना है, तो उन्हें सोशल मीडिया वीडियो के लिए फोन कैमरे का नहीं, अपने दिल का एंगल बदलना होगा।

प्रियंका गांधी ने कहा, आप प्रदर्शनकारियों को सड़क से हटा सकते हैं, लेकिन उनके सवालों को नजरअंदाज नहीं कर सकते। सरकार को अपनी नीयत सुधारनी होगी और अपनी साख वापस हासिल करनी होगी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में व्यापक बदलाव, शिक्षा क्षेत्र में विशेषज्ञों की भागीदारी, रोजगार सृजन और नए मेडिकल कॉलेजों के निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि केवल विशेषज्ञ समितियां बना देने से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि प्रधानमंत्री को ठोस कदम उठाने होंगे। बहस के दौरान प्रियंका गांधी की नए शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी को लेकर की गई टिप्पणी पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई।

## प्रदर्शनकारियों को बड़ी राहत, फडणवीस सरकार ने महाराष्ट्र में दर्ज मामले वापस लेने का दिया आदेश



मुंबई। महाराष्ट्र के छात्रों को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को गृह विभाग को निर्देश दिया कि नीट परीक्षा को लेकर हुए आंदोलन में शामिल छात्रों के खिलाफ दर्ज सभी मामले वापस लिए जाएं। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद राज्यभर में छात्र प्रदर्शनों के दौरान दर्ज किए गए मामलों को अब आधिकारिक रूप से वापस लेने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गृह विभाग को छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए औपचारिक निर्देश जारी किए हैं। नीट परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर प्रदर्शन करने के दौरान जिन छात्रों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई थी या एफआईआर दर्ज हुई थी, उनके रिकॉर्ड अब साफ किए जाएंगे।

अन्य राज्यों में उठाए गए कदमों की तर्ज पर महाराष्ट्र ने भी यह सुनिश्चित करने की दिशा में कदम बढ़ाया है कि लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शनों के कारण दर्ज मामलों का असर युवा अभ्यर्थियों के शैक्षणिक और पेशेवर भविष्य पर न पड़े। मुख्यमंत्री का यह निर्देश इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ बिना अनुमति किए गए प्रदर्शनों में शामिल होने के आरोप में मुंबई पुलिस ने वर्ली, दादर, सायन, माहिम और शिवाजी पार्क सहित विभिन्न पुलिस थानों में छात्रों और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ 12 से 13 एफआईआर दर्ज की थीं।

## दिल्ली लक्ष्मी योजना को कैबिनेट की मंजूरी, रक्षाबंधन पर महिलाओं को मिलेगी 2,500 रुपए की पहली किस्त

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 'दिल्ली लक्ष्मी योजना' को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की है कि इस योजना के लिए ऑनलाइन पोर्टल 1 अगस्त से शुरू होगा। पात्र महिलाएं पोर्टल पर आवेदन कर सकेंगी और आवेदन व सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद रक्षाबंधन के अवसर पर लाभार्थियों को 2,500 रुपए की पहली किस्त जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, दिल्ली सरकार ने राजधानी की महिलाओं से किया गया एक और वादा पूरा किया है। 'दिल्ली लक्ष्मी योजना' के तहत हर महीने मिलने वाली 2,500 रुपए की सहायता किसी मां की दवा का सहारा बनेगी, किसी बेटी की पढ़ाई को गति देगी और किसी परिवार के रोजमर्रा के खर्च में राहत पहुंचाएगी। यह केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि दिल्ली की महिलाओं के सम्मान, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को मजबूत करने का संकल्प है।

## जंतर-मंतर पर पत्थर फेंक रहे थे कांग्रेसी युवा - मदन राठौड़



नई दिल्ली। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी युवा पत्थरबाजी कर रहे थे। राठौड़ ने कहा कि भाजपा का युवा राष्ट्रभक्ति की भावना से काम करता है, जबकि कांग्रेस का युवा देश तोड़ने वाली भाषा बोलता है और अभद्र शब्दों का इस्तेमाल करता है। राठौड़ मंगलवार को दिल्ली स्थित अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत के दौरान बोल रहे थे। मदन राठौड़ ने पंचायत-निकाय चुनाव में कांग्रेस के युवाओं को 50 प्रतिशत टिकट देने के सवाल पर कांग्रेस को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि जंतर-मंतर पर कांग्रेसी युवा किस तरह से पत्थर फेंक रहे थे, किस प्रकार की भाषा उपयोग में ले रहे थे। कांग्रेस का युवा तो हमने देखा है, कांग्रेस ऐसे युवाओं को टिकट देगी तो जनता अपने आप सबक सिखा देगी।

राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस इस समय हताश है, उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। वे केवल सुर्खियों में रहने के लिए हंगामा कर रहे हैं। हमने उनकी सारी बातें मान ली। हम पेपर लीक पर चर्चा के लिए तैयार हो गए। हमारे शिक्षा मंत्री ने इस्तीफा भी दे दिया। लेकिन इसके बाद भी पता नहीं वह क्या सोचकर हंगामा कर रहे हैं। कांग्रेस यह सब करके केवल जनता का धन बर्बाद कर रही है और कुछ नहीं। राठौड़ ने पंचायत-निकाय चुनाव को लेकर कहा कि हम चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। मदन राठौड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक स्तर पर पंचायत एवं निकाय चुनावों की तैयारियों में पूरी तरह जुटी हुई है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और संगठन की मजबूती के आधार पर चुनाव मैदान में उतरेगी। उनके अनुसार, भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर तक सक्रिय होकर जनता के बीच सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और राजनीतिक दलों को जनता के बीच अपने विचार और कार्यों के आधार पर समर्थन हासिल करना चाहिए।

# NTA में 34 पद ही हैं तो 47 अफसरों की बर्खास्तगी कैसे?
# लोकसभा में गौरव गोगोई ने सरकार पर दागे सवाल

नई दिल्ली। NEET पेपर लीक पर कई दिनों बाद संसद में चर्चा हो रही है। इसी दौरान कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने आज सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि जब नीट में 34 पद ही स्वीकृत हैं तो सरकार ने 47 लोगों पर एक्शन कैसे ले लिया? इसके अलावा उन्होंने असम में आई बाढ़ और उसमें 70 लोगों की मौत का जिक्र करते हुए राज्य के लिए विशेष पैकेज की मांग भी उठाई। पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) संशोधन विधेयक 2026 पर बोलते हुए गोगोई ने कहा कि सरकार इस मुद्दे को लेकर गंभीर नहीं है। यह विधेयक केवल दिखावा करने के लिए लाया गया है। गोगोई ने कहा कि सरकार का यह कदम सिर्फ एक आंखों में धूल झोंकने जैसा प्रयास है। इस विधेयक से परीक्षा प्रणाली में वास्तविक सुधार नहीं होगा। सरकार को इस मुद्दे पर ठोस तथा प्रभावी कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 में प्रकाशित एक समाचार रिपोर्ट के अनुसार 2024 के नीट पेपर लीक मामले में आरोपपत्र दाखिल किए गए 46 आरोपियों में से 44 को जमानत मिल चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले के कथित मास्टरमाइंड संजीव मुखिया 11 महीने तक फरार रहा और गिरफ्तारी के बाद उसे भी जमानत मिल गई। अमित कुमार बरुआ और अमित कुमार सिंह समेत अन्य आरोपियों को भी जमानत मिलने का जिक्र करते हुए उन्होंने कई आरोपियों के नाम गिनाए। गौरव गोगोई ने कहा कि जिस उद्देश्य से पहले यह कानून लाया गया था, उसमें वह सफल नहीं हो सका। जिस मंशा के साथ अब संशोधन लाया जा रहा है, उसमें भी सफलता की संभावना नहीं दिखती। उन्होंने कहा 'यह कानून आपकी विफलता का स्मारक है।' गौरव गोगोई ने कहा कि कानून उस समय भी विफल था। आज जिस मंशा से सरकार ये ला रही है, आज भी यह फेल होगा। 2024 में कानून लाने के बावजूद 2026 में भी पेपर लीक हुआ। अफसोस की बात है कि उस



समय भी शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान थे। तब उन्होंने कहा था 'कहां हुआ पेपर लीक, नहीं हुआ पेपर लीक।' इस बार भी उनका यही रवैया था।

21 बच्चों ने आत्महत्या कर दी। इस्तीफे के बाद कल प्रधान जब संसद में आए तो आपने उनको ऐसे माला पहनाई जैसे वो पाकिस्तान से जंग लड़के आए हों। कांग्रेस सांसद ने कहा कि आप सुधार नहीं चाहते, क्योंकि RSS के लिए शिक्षा विभाग अहम है। आप चाहते हैं कि शिक्षा के माध्यम से इस पीढ़ी के लोग आपके संगठन के सदस्य बने। डीयू, IIT, जेएनयू ने अपने स्टूडेंट्स ने कहा कि प्रदर्शन में मता जाओ। क्या ऐसे हम आने वाले भारत का निर्माण करेंगे। राहुल गांधी ने बार-बार कहा कि प्रधान सिर्फ एक मुखौटा हैं। उनके हटने से भी शिक्षा में सुधार आएगा, इसका विश्वास न हमें है, न बच्चों को। बच्चे क्या करें? उनके पास पैसे नहीं है कि 30-30 लाख में पैसे खरीद सकें। वे नाराज हैं। जब वे लड़ नहीं पाते तो आत्महत्या कर लेतें हैं।

## होर्मुज के नजदीक 6 भारतीय जहाज और हमारे 166 नाविक मौजूद- एमईए

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने मंगलवार को बताया कि रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पश्चिम में इस समय छह भारतीय जहाज संचालित हो रहे हैं, जिन पर 125 भारतीय नाविक सवार हैं। इसके अलावा, इसी क्षेत्र में चल रहे विदेशी जहाजों पर भी 41 भारतीय नाविक तैनात हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, 'फारस की खाड़ी में होर्मुज स्ट्रेट के पश्चिम में छह भारतीय जहाज मौजूद हैं, जिन पर 125 भारतीय नाविक सवार हैं। इसके अतिरिक्त, इस क्षेत्र में संचालित विदेशी जहाजों पर भी 41 भारतीय नाविक कार्यरत हैं।' उन्होंने बताया कि पोत परिवहन मंत्रालय भारतीय जहाजों और नाविकों की सुरक्षा और उनके कल्याण पर लगातार नजर रखे हुए है। ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने पुष्टि की थी कि सभी 28 भारतीय नाविक सुरक्षित हैं।

## प्रधान को हटाकर प्रधानमंत्री बचा लिया; अखिलेश बोले- जो चढ़ावा नहीं बचा पाए, वो पेपर कैसे बचाएंगे

नई दिल्ली। लोकसभा में मॉनसून सत्र के दौरान एंटी पेपर लीक बिल पर सदन में हंगामे का माहौल है। मंगलवार को दोपहर दो बजे के बाद कार्यवाही शुरू होने के सदन में पब्लिक एग्जामिनेशन अमेंडमेंट बिल 2026 पर चर्चा जारी है। विपक्ष सरकार पर हमलावर है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार पर जमकर हमला किया। अखिलेश ने कहा कि युवाओं ने सरकार को झुका दिया है। अखिलेश यादव ने तंज करते हुए कहा कि जो चढ़ावा चोर को नहीं रोक पाए, वो पेपर लीक कैसे रोकेंगे? अखिलेश यादव ने कहा कि एक प्रधान को हटाकर प्रधानमंत्री को बचा लिए। सदन में सपा के नेता ने लोकसभा में 'लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026' पर चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि जो राम मंदिर में चढ़ावा चोरी नहीं रोक पाए, वो पेपर लीक भला कैसे रोक पाएंगे। यादव ने जंतर-मंतर पर छात्रों के विरोध प्रदर्शन का हवाला दिया और कहा कि ''सरकार झुकती है, सिर्फ झुकाने वाला चाहिए। उन्होंने कहा कि 'पूर्व शिक्षा मंत्री (प्रधान) जब लोकसभा में लौटे तो सदन



के बाहर उनका स्वागत किया गया। इससे हमें कोई शिकायत नहीं है। माननीय सदस्यों को कितनी राहत मिली होगी...एक प्रधान जी को हटाकर आपने (भाजपा) प्रधानमंत्री बचा लिया।'' सपा नेता ने कहा कि नयी पीढ़ी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने भाजपा को झुकाने के लिए विवश कर दिया। उन्होंने कहा कि जब सरकार घबरा जाती है और डर जाती है, तब मांगों को स्वीकार कर लेती है। यादव ने कहा कि यह ऐसा पहला आंदोलन था जिसमें बच्चों के साथ उनके माता-पिता भी जुड़ गए थे। उन्होंने राम मंदिर कथित चढ़ावा चोरी मामले का उल्लेख करते हुए भाजपा पर कटाक्ष किया, ''जो लोग चढ़ावा को चोरी होने से नहीं बचा पाए, वो पेपर लीक कैसे रोक पाएंगे।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्य में पेपर लीक की कई घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि जहां से प्रधानमंत्री मोदी चुनकर आते हैं, वहां ऐसी स्थिति है। उन्होंने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में कर्मचारियों को 'आउटसोर्स' पर रखने का उल्लेख करते हुए कहा, ''डर लगता है कि कहीं पूरी सरकार को आउटसोर्स न कर दिया जाए। सपा सांसद ने सवाल किया कि भाजपा की नफरत की राजनीति देश को कहां तक ले जाएगी। उन्होंने कहा कि छात्रों और युवाओं की मांगों को सुना जाना चाहिए।

## एयर इंडिया AI-171 हादसे की जांच अक्टूबर तक होगी पूरी, एएआईबी ने सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी



नई दिल्ली। अहमदाबाद में 12 जून 2025 को हुए एयर इंडिया फ्लाइट एआई-171 हादसे की जांच अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। इस मामले में एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि दुर्घटना की विस्तृत जांच इस वर्ष अक्टूबर तक पूरी कर ली जाएगी।

एएआईबी के इस आश्वासन के बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 12 अक्टूबर को तय की है। इस भीषण विमान हादसे में कुल 260 लोगों की जान गई थी। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एएआईबी ने स्पष्ट किया कि यह केवल डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) के अधिकारियों द्वारा की जा रही सामान्य इन-हाउस जांच नहीं है। ब्यूरो ने कहा कि जांच अंतरराष्ट्रीय विमानन मानकों और प्रोटोकॉल के अनुरूप की जा रही है। सुनवाई मृतक पायलट कैप्टन सुमित सभरवाल के पिता और फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स की ओर से दाखिल याचिका पर हुई, जिसमें पूरे मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराने की मांग की गई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने जांच की गति और उसकी प्रकृति पर सवाल उठाए।

संपादकीय

## माध्यमिक शिक्षा विभाग ने वित्तीय अधिकार सौंपे, नए डीडीओ करेंगे भुगतान व लेखा कार्य

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की वित्तीय सलाहकार डॉ ज्योतिबाला व्यास ने प्रदेश के 193 व्याख्याताओं को आहरण वितरण अधिकार स्वीकृत किये हैं।

सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के तहत महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए वित्तीय सलाहकार ने विभिन्न विद्यालयों और कार्यालयों के लिए नामित अधिकारियों को आहरण एवं वितरण अधिकारी (ड्रॉइंग एंड डिस्बर्सिंग ऑफिसर) के वित्तीय अधिकार प्रदान किए हैं। आदेश के अनुसार संबंधित अधिकारी अपने-अपने विद्यालयों एवं कार्यालयों में प्रधान कार्यालयाध्यक्ष को प्रदत्त वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों का प्रयोग करेंगे।

## महाजन फील्ड फायरिंग रेंज के निकट खेत में संदिग्ध ड्रोन मिला, जांच शुरू



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। रामबाग माइनर स्थित चक 3 आरबीएम क्षेत्र में मंगलवार को एक खेत में प्लेननुमा संदिग्ध ड्रोन मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ड्रोन दिखाई देने पर किसानों ने तुरंत महाजन पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ड्रोन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खेत में पड़ा ड्रोन आकार में छोटे विमान जैसा दिखाई दे रहा था। इसकी जानकारी आसपास के ग्रामीणों में फैलते ही बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। लोगों में ड्रोन को लेकर उत्सुकता के साथ-साथ सुरक्षा को लेकर चिंता भी देखने को मिली। महाजन थाना अधिकारी भजनलाल लावा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ड्रोन किसका है और यह कहां से आया है। पुलिस तकनीकी जांच कर रही है तथा उसके निर्माण, उपयोग और उड़ान संबंधी पहलुओं की जानकारी जुटाई जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित सुरक्षा एजेंसियों से भी संपर्क किया जाएगा। गौरतलब है कि यह क्षेत्र सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि महाजन फील्ड फायरिंग रेंज इसके निकट स्थित है। ऐसे संवेदनशील इलाके के पास खेत में संदिग्ध ड्रोन का मिलना सुरक्षा एजेंसियों के लिए गंभीर विषय माना जा रहा है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में भी जांच-पड़ताल की है और ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है। फिलहाल ड्रोन को सुरक्षित रखकर उसकी विस्तृत तकनीकी जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि ड्रोन सामान्य नागरिक उपयोग का है या किसी विशेष उद्देश्य से यहां पहुंचा। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# राज्य स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह-2026 की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राज्य स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह-2026 के सफल, गरिमापूर्ण एवं सुव्यवस्थित आयोजन के संबंध में मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में मंगलवार को शासन सचिवालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि बीकानेर के लिए यह गर्व और हर्ष का विषय है कि इस वर्ष राज्य स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह का आयोजन बीकानेर में किया जा रहा है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे बीकानेर जिला प्रशासन के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित समयसीमा में सभी तैयारियां पूर्ण करें, ताकि समारोह का आयोजन गरिमापूर्ण, भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया जा सके। बैठक में बीकानेर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय मुख्य समारोह के साथ बीकानेर एवं जयपुर में आयोजित होने वाले 'एट होम' कार्यक्रमों की तैयारियों एवं आयोजन स्थलों से संबंधित व्यवस्थाओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर बीकानेर में आयोजित होने वाला सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रभक्ति की भावना का प्रभावी प्रतिबिंब बने तथा उसे आकर्षक एवं यादगार स्वरूप दिया जाए।

बैठक के दौरान बीकानेर जिला कलेक्टर श्री निशांत जैन ने समारोह स्थल के चयन, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पेयजल, चिकित्सा सुविधाएं, विद्युत व्यवस्था, परेड, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों तथा अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य सचिव ने समारोह में विद्यार्थियों, लोक कलाकारों तथा आमजन की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक विभाग अपने निर्धारित दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन सुनिश्चित करे तथा किसी भी प्रकार की कमी अथवा समन्वय संबंधी समस्या का तत्काल समाधान किया जाए।

साथ ही समारोह स्थल पर सभी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं सुरक्षा संबंधी सभी मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख शासन सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग श्री नवीन जैन, पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कुमार शर्मा, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (कानून एवं व्यवस्था) श्री वी.के. सिंह, जयपुर जिला कलेक्टर श्री संदेश नायक सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



वहीं बीकानेर संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा, पुलिस महानिरीक्षक श्री ओमप्रकाश, बीकानेर जिला कलक्टर निशांत जैन, पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा तथा अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि राज्य स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सम्मान, एकता और देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक व्यवस्था को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि समारोह में आने वाले अतिथियों, प्रतिभागियों और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को समारोह के दौरान सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, चिकित्सा सहायता, अग्निशमन व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति और आपातकालीन सेवाओं की विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही मौसम की संभावित परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी पहले से तैयार रखने पर जोर दिया, ताकि किसी भी अप्रत्याशित स्थिति में कार्यक्रम निर्बाध रूप से संचालित किया जा सके।

मुख्य सचिव ने कहा कि समारोह में राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा, लोक कला और राष्ट्रभक्ति की भावना का प्रभावी समावेश किया जाए।

## यात्रियों की सुविधा हेतु 02 जोडी स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। रेलवे प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु 02 जोडी स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 09001/09002, मुम्बई सेट्रल-भिवानी-मुम्बई सेट्रल द्वि-साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में मुम्बई सेट्रल से दिनांक 04.08.26 से 28.08.26 तक (08 ट्रिप) एवं भिवानी से दिनांक 05.08.26 से 29.08.26 तक (08 ट्रिप) विस्तार किया जा रहा है। गाडी संख्या 09005/09006, बान्द्रा टर्मिनस-भिवानी-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में बान्द्रा टर्मिनस से दिनांक 05.08.26 से 26.08.26 तक (04 ट्रिप) एवं भिवानी से दिनांक 06.08.26 से 27.08.26 तक (04 ट्रिप) विस्तार किया जा रहा है। रेलवे प्रशासन ने बताया कि इन विशेष रेलसेवाओं के संचालन अवधि में विस्तार से यात्रियों को अतिरिक्त यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी और त्योहारों तथा बढ़ते यात्री दबाव के दौरान नियमित ट्रेनों पर भार कम करने में भी मदद मिलेगी। यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी यात्रा की योजना बनाते समय ट्रेन के समय, ठहराव और अन्य अद्यतन जानकारी भारतीय रेलवे के अधिकृत माध्यमों से अवश्य प्राप्त कर लें। उत्तर पश्चिम रेलवे ने बताया कि विशेष रेलसेवाओं का संचालन पूर्व निर्धारित समय-सारिणी एवं ठहराव के अनुसार किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई हैं। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा के दौरान रेलवे नियमों का पालन करने तथा स्वच्छता बनाए रखने की भी अपील की है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यकता अनुसार भविष्य में भी अतिरिक्त रेलसेवाओं के संचालन पर विचार किया जा सकता है।

## प्रसूताओं को अब बिना रिप्लेसमेंट मिलेगा ब्लड

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान में प्रसूताओं की लगातार बिगड़ रही तबीयत और कुछ मामलों में हुई मौतों को देखते हुए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अब सरकारी अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं और प्रसूताओं को बिना रिप्लेसमेंट के ब्लड उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही ब्लड के अन्य कॉम्पोनेंट भी ब्लड बैंक से फ्री और बिना रिप्लेसमेंट के उपलब्ध करवाए जाएंगे। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की ओर से जारी आदेश के अनुसार, सरकारी अस्पतालों में भर्ती गर्भवती महिलाओं और प्रसूताओं को जरूरत पड़ने पर ब्लड बैंक से बिना किसी रिप्लेसमेंट के रक्त उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा प्लेटलेट्स समेत ब्लड के अन्य कॉम्पोनेंट भी निःशुल्क दिए जाएंगे। सरकार के इस फैसले के बाद सरकारी ब्लड बैंकों के सामने ब्लड की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने की चुनौती भी बढ़ गई है। वर्तमान में डेंगू और मलेरिया के मामले बढ़ने लगे हैं, जबकि रक्तदान शिविरों की संख्या में कमी आई है।

## 52वीं जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न, विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मेडल से किया सम्मानित



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। जिला कबड्डी संघ, बीकानेर के तत्वावधान में रीड़ी खेल मैदान में आयोजित 52वीं जिला स्तरीय बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता में जिलेभर से 400 से अधिक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रतियोगिता के दौरान बालक वर्ग की 16 तथा बालिका वर्ग की 10 टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले खेले गए। जिला कबड्डी संघ, बीकानेर के सचिव जितेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन कर आगामी 52वीं राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए बीकानेर जिला टीम का गठन किया जाएगा। समापन समारोह में सरपंच प्रतिनिधि हेतराम जाखड़, जिला ओलंपिक संघ, बीकानेर के कोषाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ तथा जिला कबड्डी संघ, बीकानेर के कोषाध्यक्ष दिलकांत सिंह माचरा, उपाध्यक्ष लालचन्द जाखड़ ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। रीड़ी कबड्डी टीम के कोच मांगीनाथ जाखड़ ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान वीर बिग्गा जी मंदिर समिति द्वारा खिलाड़ियों एवं टीम अधिकारियों के लिए भोजन एवं आवास की निःशुल्क व्यवस्था की गई। प्रतियोगिता के आयोजन में केवलचंद तावनिया द्वारा ट्रॉफी एवं मोमेंटो, रामकरण जाखड़ द्वारा खिलाड़ियों के लिए टी-शर्ट, गोपाल टेंट हाउस (रीड़ी) द्वारा टेंट व्यवस्था, जसवंत डेकोरेशन द्वारा निःशुल्क सजावट, महादेव वाटर सप्लायर द्वारा पेयजल व्यवस्था, रामचंद्र जाखड़ द्वारा खेल मैदान उपलब्ध कराया गया। जिला कबड्डी संघ, बीकानेर ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, भामाशाहों, ग्रामीणों, खिलाड़ियों, निर्णायकों एवं आयोजन समिति के सदस्यों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है तथा उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से अनुशासन, खेल भावना और निरंतर अभ्यास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

## गुरु पूर्णिमा पर शुरू होगा 'मिशन पढ़ो राजस्थान', सभी विद्यालयों में होगा सामूहिक पठन

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग द्वारा 29 जुलाई को प्रदेशभर के राजकीय विद्यालयों में 'मिशन पढ़ो राजस्थान' कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। यह अभियान निपुण भारत मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे रीडिंग प्रमोशन कैंपेन का हिस्सा है। राज्य परियोजना निदेशक डॉ. रश्मि शर्मा द्वारा माध्यमिक शिक्षा निदेशक बीकानेर को जारी निर्देशों के अनुसार गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के तहत सभी विद्यालयों में प्रातः 11 बजे से 11.30 बजे तक 'रीड ए थॉन' सामूहिक पठन गतिविधि आयोजित की जाएगी। इसमें कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थी, शिक्षक,कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, अभिभावक तथा भामाशाह भाग लेंगे। साथ ही रीडिंग प्रमोशन कैंपेन की प्रगति पर भी नजर रखी जाएगी।

## सरदारशहर के प्रतिष्ठित अध्यापक स्व. बजरंगलाल शर्मा की स्मृति में उनके पुत्रों द्वारा सीबीईओ आफिस में की एससी भेंट



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

सरदारशहर। सरदारशहर में आज समाजसेवा की अनूठी मिसाल पेश करते हुए समाजसेवी अध्यापक स्वर्गीय बजरंगलाल शर्मा की स्मृति में उनके पुत्रों कृष्णकांत शर्मा तथा रोहित शर्मा द्वारा सीबीईओ कार्यालय के लिए जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सज्जन सैनी तथा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुभाष सोनगरा को लगभग 50 हजार रुपए लागत की एसी (AC) भेंट की।

स्वर्गीय बजरंगलाल शर्मा के पुत्र कृष्णकांत शर्मा वर्तमान में राउमावि उड़सर में कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत हैं।

इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुभाष सोनगरा ने स्व. बजरंग लाल शर्मा को याद करते हुए कहा कि शर्मा सदैव सामाजिक कार्यों में अग्रिम पंक्ति में रहते हैं। उनके पुत्रों द्वारा उनके कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है।

इस अवसर पर रतनगढ़ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप ब्यास, शिक्षक नेता डॉ. पवन महर्षि, राकेश प्रजापत, रमेश सहारण, शक्ति सिंह, मुकेश जांगिड़, दुर्गाशंकर, शाहिद हुसैन मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और शिक्षकों ने स्वर्गीय बजरंगलाल शर्मा के सामाजिक योगदान और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी सेवाओं को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।

वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने अपने जीवनकाल में समाजसेवा, शिक्षा और जनहित के कार्यों को सदैव प्राथमिकता दी तथा उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके पुत्रों द्वारा उनकी स्मृति में किया गया यह योगदान सेवा और संस्कारों की जीवंत मिसाल है।

## 21 विभागों के अधिकारी मौजूद, लेकिन ग्रामीणों की रही बेहद कम भागीदारी

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। लूणकरणसर तहसील की ग्राम पंचायत अरजनसर में मंगलवार को राज्य सरकार के निर्देशानुसार फॉलोअप ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महाजन के नायब तहसीलदार सुंदरपाल गोदारा तथा लूणकरणसर के विकास अधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और प्राप्त प्रकरणों का मौके पर निस्तारण भी किया। हालांकि, शिविर में 21 विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की मौजूदगी के बावजूद ग्रामीणों की भागीदारी बेहद कम रही, जिससे शिविर केवल औपचारिकता तक ही सीमित नजर आया। गौरतलब है कि इसी ग्राम पंचायत में करीब एक माह पूर्व भी ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किया गया था। राज्य सरकार के निर्देशों के तहत यह फॉलोअप शिविर उन लोगों के लिए रखा गया था, जिनके कार्य पिछले शिविर में पूरे नहीं हो सके थे या जिनकी समस्याएं लंबित थीं। इसके बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीणों के नहीं पहुंचने से शिविर का उद्देश्य अधूरा दिखाई दिया। शिविर के दौरान ग्राम पंचायत अरजनसर की ओर से 5 जन्म प्रमाण पत्र, 2 जनआधार पंजीकरण तथा 2 मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए गए। इसके अलावा विभिन्न विभागों ने भी प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई की।



## प्रशिक्षणार्थियों की विद्यालय इंटर्नशिप व्यवस्था को लेकर विस्तृत आदेश जारी

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान सरकार के प्रारम्भिक शिक्षा (आयोजना) विभाग ने सत्र 2026-27 के लिए D.El.Ed., B.Ed., B.A.B.Ed., B.Sc.B.Ed. और B.Ed.-M.Ed. पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत प्रशिक्षणार्थियों की विद्यालय इंटर्नशिप व्यवस्था को लेकर विस्तृत आदेश जारी किए हैं। विभाग ने इंटर्नशिप कार्यक्रम के संचालन हेतु प्रत्येक जिले के जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारम्भिक शिक्षा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। आदेश के अनुसार इंटर्नशिप का विद्यालय आवंटन शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा। प्रशिक्षणार्थियों को निर्धारित अवधि में पोर्टल पर 15 विद्यालयों की प्राथमिकता भरनी होगी और आवंटन "पहले आओ-पहले पाओ" सिद्धांत के आधार पर किया जाएगा। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को 4 सप्ताह तथा द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को 16 सप्ताह की अनिवार्य इंटर्नशिप राजकीय विद्यालयों में करनी होगी। विभाग ने इंटर्नशिप को चार चरणों में आयोजित करने का निर्णय लिया है। पहला चरण अगस्त 2026, दूसरा अक्टूबर 2026, तीसरा दिसम्बर 2026 और चौथा फरवरी 2027 से प्रारम्भ होगा। प्रत्येक चरण के लिए आवेदन, विद्यालय आवंटन और कार्यग्रहण की अलग-अलग तिथियां निर्धारित की गई हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पीएमश्री विद्यालय, स्वामी विवेकानन्द मॉडल स्कूल और महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) में केवल अंग्रेजी माध्यम के प्रशिक्षणार्थियों को ही इंटर्नशिप आवंटित की जाएगी। राजकीय बालिका विद्यालयों में केवल छात्राओं और महिला प्रशिक्षणार्थियों को ही भेजा जाएगा। विद्यालयों में प्रशिक्षणार्थियों की अधिकतम संख्या रिक्त पदों के आधार पर तय की जाएगी। रिक्त पद उपलब्ध होने पर पहले उन्हीं पदों पर इंटर्नशिप आवंटन किया जाएगा। विभाग ने चेतावनी दी है कि रिक्त पद भरे बिना आवंटन किए जाने पर शिकायत मिलने पर प्रशिक्षणार्थी का प्रमाणन नहीं किया जाएगा। इंटर्नशिप के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को प्रतिदिन विद्यालय में उपस्थिति देनी होगी और संस्था प्रधान द्वारा उपस्थिति शाला दर्पण पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। प्रशिक्षणार्थियों को अध्यापन के साथ प्रवेशोत्सव, नो-स्कूल बैग डे गतिविधियां, आउट ऑफ स्कूल बच्चों की पहचान, सामुदायिक सम्पर्क तथा विभागीय योजनाओं से जुड़ी गतिविधियों में भी भाग लेना होगा। प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों को अधिकतम दो दिन और द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों को अधिकतम सात दिन का अवकाश दिया जा सकेगा, लेकिन यह अवकाश कार्य दिवसों में नहीं जोड़ा जाएगा। निर्धारित अवधि में इंटर्नशिप पूर्ण करना अनिवार्य होगा। आदेश की प्रतियां सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, डाइट, शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों, पीईईओ, यूसीईईओ और राजकीय विद्यालयों को आवश्यक कार्यवाही के लिए भेज दी गई हैं। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## राजस्थान/ प्रादेशिक

# पूर्व विधायक संयम लोढा का सरकार और प्रशासन पर हमला : बोले— 243 करोड़ रुपए के RUIDDP प्रोजेक्ट के नाम पर मिली घटिया सड़क




**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

सिरोही/आबूरोड। आबूरोड-गांधीनगर मुख्य मार्ग पर रेलवे कॉलोनी-गणेश कॉलोनी तिराहे के पास सड़क धंसने से एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। घटना के बाद पूर्व विधायक संयम लोढा ने सड़क धंसने और पलटने की कगार पर पहुंची स्कूल बस की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए सरकार, आरयूआईडीपी (RUIDP) और निर्माण एजेंसी को आड़े हाथों लिया। संयम लोढा ने पोस्ट करते हुए लिखा कि विश्व प्रसिद्ध निर्माण कंपनी के नाम पर आबूरोड की जनता को घटिया निर्माण का तोहफा मिला है। आबूरोड-गांधीनगर मुख्य मार्ग पर सड़क धंसने से एक निजी स्कूल बस पलटने की कगार पर पहुंच गई थी। सौभाग्य से बड़ा हादसा टल गया, लेकिन यह प्रशासन और निर्माण एजेंसी की गंभीर लापरवाही का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने आरोप लगाया-छह महीने तक सीवरेज कार्य के नाम पर सड़क को खोदा गया और पहली ही बारिश में इसके निर्माण और गुणवत्ता की पोल खुलकर सामने आ गई।

सुरक्षा पर सवाल : उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर आम जनता और मासूम स्कूली बच्चों की सुरक्षा का जिम्मेदार कौन है?

भ्रष्टाचार का आरोप : 243 करोड़ रुपए का RUIDP प्रोजेक्ट विकास का प्रतीक बनना चाहिए था, न कि भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण का।

पूर्व विधायक ने कहा कि निर्माण कंपनी ने इस घटिया काम से अपनी साख पर बट्टा लगाया है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि RUIDP और निर्माण एजेंसी को इस गंभीर लापरवाही के लिए तुरंत जवाबदेह ठहराया जाए तथा दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। जनता की सुरक्षा के साथ किसी भी तरह का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भी आक्रोश देखने को मिला। लोगों का कहना है कि सड़क धंसने की घटना ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने मांग की कि संबंधित विभाग मौके का निरीक्षण कर सड़क की तकनीकी जांच कराए तथा यदि निर्माण में किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो जिम्मेदार अधिकारियों एवं एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। सड़क धंसने वाले हिस्से पर आवश्यक सुरक्षा इंतजाम करते हुए यातायात को सावधानीपूर्वक संचालित कराया गया।

## बीकानेर रेंज में नशा मुक्त जन-जागृति अभियान तेज, ड्रोन तस्करी पर भी सख्ती

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। बीकानेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ओम प्रकाश ने प्रेस वार्ता आयोजित कर रेंज में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी दी।उन्होंने कहा कि पुलिस महानिदेशक राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार बीकानेर रेंज में युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए व्यापक स्तर पर नशा मुक्त जन-जागृति अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत हास्य कलाकार ख्यालीराम सहारण द्वारा श्रीगंगानगर जिले में अब तक आठ सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता शिविर आयोजित किए गए, जिनमें हजारों लोगों ने भाग लेकर नशा नहीं करने का संकल्प लिया। पुलिस ने बताया कि यह अभियान रेंज के अन्य जिलों में भी लगातार चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि रेंज पुलिस ने नशा मुक्ति जागरूकता के साथ-साथ अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर भी प्रभावी कार्रवाई शुरू की है। मादक पदार्थ तस्करी से अर्जित संपत्तियों को चिन्हित कर फ्रीज किया जा रहा है तथा अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया जा रहा है। सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से होने वाली हथियार एवं मादक पदार्थ तस्करी पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। सीमा सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए लगातार आसूचना आदान-प्रदान किया जा रहा है।पुलिस अधिकारियों को सक्रिय आपराधिक गिरोहों और उनके सहयोगियों पर सख्त निगरानी रखने तथा उनकी संपत्तियों को फ्रीज और डिमोलिशन की कार्रवाई बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। जिला पुलिस अधीक्षकों को पीआईटी एनडीपीएस एक्ट और धारा 68एफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अधिकाधिक कार्रवाई करने के आदेश जारी किए गए हैं। वहीं धारा 68एफ एनडीपीएस एक्ट के तहत 27 कार्रवाइयाँ करते हुए 17 आरोपियों की लगभग 17.63 करोड़ मूल्य की 30 संपत्तियाँ फ्रीज या अतिक्रमण मुक्त कराई गई हैं।

## ओवरलोड परिवहन व अवैध रॉयल्टी वसूली के विरोध में ट्रांसपोर्टरों का ज्ञापन, ठेकेदार फर्म पर कार्रवाई की मांग

बीकानेर। जिले में बजरी, क्ले, सिलिका और ग्रेवल के परिवहन में ओवरलोडिंग तथा कथित अवैध रॉयल्टी वसूली के विरोध में ट्रांसपोर्टरों ने केबिनेट मंत्री सुमित गोदारा एवं स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सीताराम डूडी डूडीवाली के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि खान एवं भू-विज्ञान विभाग, राजस्थान सरकार ने अप्रधान खनिजों की रॉयल्टी वसूली का ठेका मेसर्स श्री शिवशंकर इन्फ्रा रॉयल्टी प्रा. लि. को दो वर्ष के लिए दिया है। आरोप लगाया गया कि ठेकेदार फर्म वाहन चालकों को ओवरलोड खनिज भरने के लिए मजबूर करती है ताकि अधिक राशि वसूली जा सके। ट्रांसपोर्टरों ने दावा किया कि सरकार द्वारा बजरी पर निर्धारित रॉयल्टी दर 68 रुपये प्रति टन है और 22 चक्का वाहन के लिए 40 टन पर कुल देय राशि 2,720 रुपये बनती है, जबकि ठेकेदार फर्म द्वारा प्रति वाहन लगभग 15 हजार रुपये तक वसूले जा रहे हैं। ज्ञापन में इसे नियमों का खुला उल्लंघन बताया गया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि अधिकृत रॉयल्टी नाकों के अलावा अन्य स्थानों पर भी अवैध नाके लगाकर वसूली की जा रही है। ट्रांसपोर्टरों ने इसे भेदभावपूर्ण नीति करार दिया।

## राज्यपाल की पहल : प्रदेश के प्रमुख विश्वविद्यालयों में खुलेंगे 'राजस्थानी भाषा अध्ययन केन्द्र'

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान की मातृभाषा, संस्कृति और लोक परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने राज्य के सभी राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में 'राजस्थानी भाषा अध्ययन केन्द्र' स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में राज्यपाल सचिवालय, राजभवन जयपुर से मंगलवार को आदेश जारी किए गए। सचिव डॉ. पृथ्वी द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि राजस्थान के बड़े भू-भाग में राजस्थानी भाषा बोली जाती है और यह प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख आधार है। नई शिक्षा नीति-2020 में भी मातृभाषा में अध्ययन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य के प्रमुख विश्वविद्यालयों में राजस्थानी भाषा अध्ययन केन्द्र स्थापित किए जाने की प्रक्रिया तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। यह कदम प्रदेश की भाषाई विरासत को अकादमिक पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## राजस्थान में नगरीय निकाय चुनावों से 'दो संतान' की बाध्यता खत्म

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों (नगरपालिका) एवं जिला कलक्टरों को महत्वपूर्ण निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम, 2026 लागू होने के बाद नगरीय निकाय चुनावों में उम्मीदवारों पर लागू दो से अधिक संतान संबंधी अयोग्यता का प्रावधान समाप्त कर दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 13 जुलाई 2026 को जारी पत्र में बताया गया है कि राजस्थान राजपत्र में 25 मार्च 2026 को प्रकाशित अधिसूचना के माध्यम से राजस्थान नगरपालिका अधिनियम की धारा 2 एवं धारा 24 में संशोधन किया गया है। इस संशोधन के बाद नगर निगम, नगर परिषद एवं नगर पालिका चुनावों के लिए संतान संबंधी पात्रता की शर्त हटा दी गई है। पत्र की प्रतिलिपि स्वायत्त शासन विभाग, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों तथा राज्य निर्वाचन आयोग की विभिन्न शाखाओं को भी भेजी गई है।

## ऑडिट को लेकर शिक्षा विभाग सख्त,प्रधानाचार्यों को किया तलब

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक, बीकानेर डॉ रामगोपाल शर्मा ने ऑडिट तथा आईसीपी के लंबित आक्षेपों की अनुपालना को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्धारित तिथियों पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जिन विद्यालयों के निरीक्षण प्रतिवेदन एवं आईसीपी आक्षेप अभी तक लंबित हैं, वे आक्षेपवार पूर्ण कार्यवाही, प्रमाणित दस्तावेज और आवश्यक साक्ष्यों सहित संबंधित प्रभारी के साथ लेखा शाखा में उपस्थित हों। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व में 2 जुलाई से 13 जुलाई तक आयोजित अनुपालना शिविर में अपेक्षित अनुपालना प्राप्त नहीं हुई, जिसे गंभीर लापरवाही माना गया है।

विभाग ने चेतावनी दी है कि उच्चाधिकारियों के निर्देशों की पालना नहीं करना अनुशासनात्मक कार्यवाही की श्रेणी में आ सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को अपने अधीनस्थ प्रधानाचार्यों को निर्धारित तिथियों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के लिए पाबंद करने के निर्देश दिए हैं।

जारी कार्यक्रम के अनुसार बीकानेर ब्लॉक के विद्यालयों को 31 जुलाई, खाजूवाला को 3 अगस्त, पुगल को 4 अगस्त, नोखा को 5 अगस्त, पांचू को 6 अगस्त, कोलायत को 7 अगस्त, बज्जू को 10 अगस्त, श्रीडूंगरगढ़ को 11 अगस्त तथा लूणकरनसर ब्लॉक को 12 अगस्त 2026 को कार्यालय में उपस्थित होना होगा। उन्होंने कहा कि लंबित ऑडिट एवं आईसीपी आक्षेपों का समयबद्ध निस्तारण विभाग की प्राथमिकता है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी विद्यालय समय पर पूर्ण अभिलेखों सहित उपस्थित हों ताकि लंबित ऑडिट एवं आईसीपी आक्षेपों का शीघ्र निस्तारण किया जा सके। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## श्रीगंगानगर में ASI की कार ने तीन महिला पटवारियों को मारी टक्कर, दो की हालत गंभीर

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**




श्रीगंगानगर। जिले के गजसिंहपुर-पदमपुर हाईवे पर मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में सदर थाना क्षेत्र के एक एएसआई की क्रेटा कार ने पैदल जा रही तीन महिला पटवारियों को पीछे से टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दो पटवारियां करीब 10 मीटर दूर जा गिरीं, जबकि एक महिला लगभग 20 मीटर दूर जा गिरी। पूरी घटना पास की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। जानकारी के अनुसार हादसा गोल्डन पब्लिक स्कूल के पास दोपहर करीब 3 बजे हुआ। घायल महिला पटवारियों की पहचान संगीता, पूजा और गरिमा के रूप में हुई है। तीनों पटवार मंडल से प्रशिक्षण लेकर पैदल घर लौट रही थीं, तभी तेज रफ्तार क्रेटा कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने तीनों को गजसिंहपुर राजकीय अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद संगीता और पूजा की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें श्रीगंगानगर रेफर किया गया, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। गरिमा को मामूली चोटें आईं और उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर मारने के बाद चालक कार लेकर भागने लगा, लेकिन आसपास के लोगों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी कोतवाली थाना क्षेत्र में तैनात एएसआई सुभाष है। लोगों ने कार के शीशे तोड़कर उसे बाहर निकाला। इस दौरान एएसआई और स्थानीय लोगों के बीच बहस भी हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। हादसे के बाद क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है और लोग आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## राजकीय छात्रावासों में गैस्ट फैकल्टी हेतु 31 जुलाई तक करें आवेदन

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। कार्यालय संयुक्त निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर द्वारा विद्या संबल योजना के अंतर्गत सत्र 2026-27 के लिए राजकीय बालिका छात्रावास गांधीनगर तथा राजकीय बालक छात्रावास बगरू, आमेर, जगतपुरा ,प्रताप नगर,गोनेर एवं झालाना डूंगरी जयपुर में अध्ययनरत कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए गैस्ट फैकल्टी (अस्थायी) हेतु ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह आवेदन विशेष रूप से गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी विषयों के अध्यापन के लिए आमंत्रित किए गए हैं।

इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र दिनांक 31 जुलाई 2026 तक संबंधित ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य आवश्यक शर्तों की विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट https://sje.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

## 'सपनों की उड़ान' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने किया युवाओं से संवाद



**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा से लेकर खेल, रोजगार से लेकर स्वरोजगार तक युवाओं के हर सपने को पूरा करने में उनके साथ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार पेपरलीक पर प्रभावी रोक, रिकॉर्ड सरकारी भर्तियों, स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन तथा कौशल विकास के माध्यम से युवाओं का उज्ज्वल भविष्य बनाने में सहयोगी बन रही है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित 'सपनों की उड़ान' कार्यक्रम में युवाओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि विचारशील, अनुशासित एवं संस्कारवान युवा विकसित भारत-विकसित राजस्थान के आधार हैं। युवा नए विचार और नई ऊर्जा से भरपूर होते हैं।

हमारी सरकार युवाओं से संवाद कर बजट में उनके बहुमूल्य सुझावों को शामिल करती है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों को और बेहतर बनाने के लिए युवाओं के साथ इस तरह के संवाद बेहद महत्वपूर्ण हैं। राज्य सरकार युवाओं के सुझावों पर विचार कर आगामी योजनाएं तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि माता-पिता बच्चों के सबसे पहले गुरु होते हैं, युवा उनसे सीख लेकर लगन, मेहनत, अनुशासन, संस्कारों को आत्मसात करें और आत्मविश्वास के साथ उनके सपनों को साकार करें। उन्होंने कहा कि युवाओं का सामर्थ्य असीमित है। हमारा प्रयास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच के अनुरूप हमारे प्रदेश का युवा विकास में अपना योगदान दे। हर युवा को सम्मान मिले और उसे अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने विगत ढाई वर्षों में 1 लाख 78 हजार से अधिक युवाओं के सरकारी नौकरी के सपने को साकार किया है। करीब 51 हजार पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं तथा 80 हजार से अधिक पदों की भर्ती कलैण्डर में शामिल है। साथ ही, 70 हजार नए पदों पर भर्ती की तैयारी की जा रही है। वहीं, निजी क्षेत्र में भी साढ़े चार लाख रोजगार दिए गए हैं। हमारी सरकार द्वारा अब तक 410 परीक्षाएं बिना किसी पेपरलीक के आयोजित की गई हैं।

## राइजिंग राजस्थान के तहत 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव हुए ग्राउंड

**जयपुर, थिंक राजस्थान**



जयपुर। प्रदेश के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए निवेश समझौतों (एमओयू) की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करते हुए नवंबर 2026 तक निर्धारित ग्राउंडिंग लक्ष्य हर हाल में प्राप्त किए जाएं तथा निवेश प्रस्तावों की प्रभावी डिलीवरी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अब प्राथमिकता केवल एमओयू पर हस्ताक्षर करने तक सीमित नहीं है, बल्कि निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारकर उनकी प्रभावी क्रियान्विति एवं डिलीवरी सुनिश्चित करने की है। मुख्य सचिव मंगलवार को शासन सचिवालय में राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत हस्ताक्षरित एमओयू की विभागवार प्रगति एवं नवंबर 2026 तक निर्धारित ग्राउंडिंग लक्ष्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने सभी विभागों को नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित कर लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यक प्रस्ताव एवं फाइलें शीघ्र प्रस्तुत की जाएं तथा संबंधित जिला कलक्टरों के साथ सतत समन्वय स्थापित कर निवेश परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव खान एवं पेट्रोलियम विभाग अपर्णा अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव कौशल एवं उद्यमिता संदीप वर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग कुलदीप रांका, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा गायत्री ए. राठौड़, प्रमुख शासन सचिव राजस्व टी. रविकान्त, प्रमुख शासन सचिव परिवहन विभाग भवानी सिंह देथा सहित नगरीय विकास एवं आवासन, स्कूल शिक्षा, आयुष, पशुपालन, मत्स्य एवं गौ-पालन, कृषि, नागरिक उड्डयन, स्वायत्त शासन, सूचना प्रौद्योगिकी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, आरआरईसीएल, पर्यटन, आरसीडीएफ, रीको, उद्योग एवं वाणिज्य तथा आरवीयूएनएल विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेपर लीक मामले में 5 हजार की इनामी कोमल मीणा गिरफ्तार

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं में ब्लूटूथ डिवाइस से नकल कराने वाले गिरोह पर एसओजी की कार्रवाई लगातार जारी है। एसओजी ने राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) की ईओ/आरओ भर्ती परीक्षा-2022 में धांधली की आरोपी निवाई (टोंक) निवासी कोमल मीणा को गिरफ्तार किया है। मामला ब्लूटूथ डिवाइस के जरिए नकल से जुड़ा है। इस मामले में नाम सामने आने के बाद से आरोपी फरार चल रही थी। उसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित था। लंबे समय तक सर्च के बाद एसओजी ने मंगलवार को गिरफ्तार किया गया है। एसओजी एडीजी विशाल बंसल ने बताया कि भर्ती परीक्षा-2022 में ब्लूटूथ डिवाइस के जरिए नकल कराने के मामले में एसओजी थाना जयपुर में मुकदमा संख्या 66/2024 दर्ज है। इस प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं और राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम-2022 के तहत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी के समय वह जोधपुर जिले के नागौर क्षेत्र में अपने रिश्तेदार के यहां छिपी हुई थी। अब तक इस प्रकरण में कुल 33 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।



## मनोरंजन समाचार

### 'राणा जी माफ नहीं करेंगे', Rana Ji 2.0 देख बिदके लोग, नहीं पसंद आए माहिरा शर्मा के लटके-झटके



टीवी एक्ट्रेस और बिग बॉस 13 फेम माहिरा शर्मा एक बार फिर चर्चा में हैं। हाल ही में माहिरा शर्मा का एक गाना रिलीज हुआ है और गाने के रिलीज होते ही माहिरा ट्रोल्स के निशाने पर आ गई हैं। ये गाना है 'राणा जी 2.0', जो 1995 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'करण अर्जुन' के सुपरहिट सॉन्ग 'मुझको राणाजी माफ करना' का रीमिक्स वर्जन है। 'मुझको राणाजी माफ करना' के ओरिजिनल वर्जन में ममता कुलकर्णी नजर आई थीं और गाने को अलका याग्निक और इला अरुण ने आवाज दी थी। लेकिन, अब 31 साल बाद अब इस क्लासिक सॉन्ग को रीमेक किया गया है, जिसमें ममता कुलकर्णी की जगह माहिरा शर्मा नजर आ रही हैं और अब इसका रीमिक्स वर्जन रिलीज हो गया है, जिसे दर्शकों से कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा है। राणा जी 2.0 में माहिरा शर्मा का कातिलाना अंदाज देखने को मिल रहा है। गाने में वह खूबसूरत लुक में नजर आ रही हैं और खूब लटके-झटके दिखाए हैं। कमर पर टैटू और आउटफिट, मेकर्स ने उन्हें कमाल दिखाने की पूरी कोशिश की है। 'राणाजी मुझको माफ करना' के रीमेक वर्जन को भी अलका याग्निक और इला अरुण ने ही आवाज दी है, मगर इसका संगीत तनिष्क बागजी ने दिया है और कुमार तौरानी ने प्रोड्यूस किया है। वहीं रेमो डिसूजा ने इसे कोरियोग्राफ किया है, लेकिन कुछ भी दर्शकों को इम्प्रेस नहीं कर पाया और अब लोग ममता कुलकर्णी पर फिल्माए गाने की तारीफ कर रहे हैं।

### इश्कनामा में शहनाज़ गिल का नया अंदाज़... ये 5 वजहें कर देंगी आपको फिल्म देखने पर मजबूर!



शहनाज़ गिल ने हमेशा अपनी मासूमियत, सादगी और चुलबुले अंदाज़ से लोगों का दिल जीता है। लेकिन इश्कनामा में वह बिल्कुल अलग रंग में नज़र आती हैं। नसीमा के किरदार में उन्होंने अपनी चिरपरिचित बबली इमेज से बाहर निकलकर एक ऐसा इमोशनल और संजीदा परफॉर्मेंस दिया है, जो लंबे समय तक याद रहता है। अगर आप शहनाज़ को अब तक के सबसे अलग और दमदार किरदार में देखना चाहते हैं, तो इश्कनामा आपकी वॉचलिस्ट में ज़रूर होनी चाहिए। आइए जानते हैं क्यों ऐसी शहनाज़ पहले कभी नहीं देखी होगी! अब तक की सारी इमेज भूल जाइए। इश्कनामा में शहनाज़ अपने करियर के सबसे चुनौतीपूर्ण और लेयर्ड किरदारों में से एक निभाती हैं। बिना बड़े-बड़े डायलॉग्स के सिर्फ अपनी आंखों, हावभाव और खामोशी से वह नसीमा की भावनाओं को पर्दे पर जिंदा कर देती हैं। उनका हर एक्सप्रेशन कहानी में नई गहराई जोड़ता है और यही बात उनके अभिनय को बेहद असरदार बनाती है। शहनाज़ सिर्फ नसीमा का किरदार नहीं निभातीं, बल्कि उसके हर दर्द, हर खुशी और हर इंतज़ार को महसूस करवा देती हैं। प्यार हो, बिछड़ने का दर्द हो या उम्मीद वह हर एहसास को इतनी सादगी से निभाती हैं कि किरदार अपना सा लगने लगता है। हर फिल्म एक कलाकार को निखारती है और इश्कनामा शहनाज़ के करियर का बड़ा टर्निंग पॉइंट लगती है। स्क्रीन पर उनका आत्मविश्वास, भावनाओं पर पकड़ और परिपक्व अभिनय साफ बताता है कि उन्होंने खुद को एक नए मुकाम पर पहुंचा दिया है। शहनाज़ की सबसे बड़ी ताकत हमेशा से लोगों से जुड़ना रही है और इश्कनामा में यही खूबी सबसे ज्यादा निखरकर सामने आती है। बिना किसी ओवरड्रामा के, सिर्फ छोटे-छोटे एक्सप्रेशंस, खामोशी और सच्चे इमोशंस से वह नसीमा को यादगार बना देती हैं। चाहे आपने शहनाज़ का सफर शुरुआत से देखा हो या हाल के सालों में उन्हें पसंद करना शुरू किया हो, इश्कनामा आपको एक नई शहनाज़ से मिलवाएगी। ईमानदारी, सादगी और दमदार अभिनय से भरा उनका यह परफॉर्मेंस आपको फिल्म खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक याद रहेगा।

### रेखा को मिलेगा आईएफएफएम में खास सम्मान, उमराव जान की होगी स्पेशल स्क्रीनिंग




मशहूर अभिनेत्री रेखा को 'भारतीय फिल्म ऑफ मेलबर्न 2026' में भारतीय सिनेमा में उनके अद्वितीय योगदान के लिए सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया गया है। साथ ही, उनकी क्लासिक फिल्म 'उमराव जान' को भी प्रदर्शित किया जाएगा। यह फिल्म महान गायिका आशा भोसले को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रदर्शित की जाएगी। अभिनेत्री का कहना है कि फिल्म में उनके द्वारा निभाया गया किरदार उनकी यादों और चुप्पी में जिंदा है। रेखा ने कहा, "उमराव जान ने मुझे कभी नहीं छोड़ा। वह मेरी यादों, खामोशियों और उन लोगों के दिलों में जिंदा है, जिन्होंने इतने सालों में उन्हें बहुत प्यार और अपनापन दिया। उस सफर को फिर से देखना और फिल्म को ग्लोबल मंच पर सेलिब्रेट करते देखना, विनम्र और दिल छूने वाला है।"

# 'कैसा स्टार है तू?', समय रैना ने राघव जुयाल को किया रोस्ट, आलिया भट्ट की 'अल्फा' पर भी लिए मजे

समय रैना एक बार फिर अपने शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के साथ दर्शकों के बीच वापसी कर चुके हैं। जून में 'इंडियाज गॉट लेटेंट सीजन 2' का आगाज हुआ, जिसमें आलिया भट्ट और शरवरी वाघ बतौर पैनलिस्ट शामिल हुई थीं। अब समय ने अपने शो का एक सरप्राइज बोनस एपिसोड रिलीज किया है और यह ऑनलाइन काफी चर्चा में है। मेंबर्स ओनली के लिए बने इस स्पेशल एपिसोड में राघव जुयाल, मुनव्वर फ़ारूक़ी, निहारिका एनएम और रोहन जोशी जैसे चर्चित चेहरे पैनलिस्ट के तौर पर शामिल हैं। सीजन 2 के एपिसोड्स नेटफ्लिक्स और यूट्यूब दोनों पर स्ट्रीम होते हैं, लेकिन यह एपिसोड खास तौर पर समय रैना के यूट्यूब चैनल के मेंबर्स के लिए रिलीज किया गया है। शो की क्लिप्स पहले ही सोशल मीडिया पर आ चुकी हैं, जिनमें समय और राघव के बीच हुई एक खास बातचीत ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया है। समय रैना ने शो के दौरान राघव जुयाल की खूब टांग खिंचाई की। जब राघव अपनी अपकमिंग फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' के बारे में बात कर



रहे थे, समय उन्हें टोकते हुए कहते हैं- 'कितनी बार खुद ही बताना पड़ेगा? कैसा स्टार है तू?' इस पर राघव हंस पड़ते हैं और कहते हैं- 'आलिया भट्ट ने भी खुद ही बताया था।' इस पर समय मजाकिया लहजे में कहते हैं- 'उसकी भी नहीं चली फिर।' ये कहते ही समय रैना, राघव जुयाल सहित सभी हंस पड़ते हैं। बातचीत का एक और वीडियो चर्चा में है, जिसमें समय रैना, राघव जुयाल के एक पुराने कमेंट के बारे में बात करते दिखे, जिसमें राघव ने फिल्म प्रोड्यूसर्स और डायरेक्टर्स को उन्हें साइड रोल के लिए अप्रोच नहीं करने को कहा था। इस पर रिएक्ट करते हुए समय कहते हैं - 'भिखारी भी चूजर्स हो सकते हैं।' सोशल मीडिया पर समय रैना के शो के हालिया एपिसोड की कई क्लिप वायरल हो रही हैं, जिससे यह अटकलें लगने लगीं कि एपिसोड लीक हो गया है। हालांकि, सच तो ये है कि ये एपिसोड खासतौर पर यूट्यूब मेंबर्स के लिए रिलीज किया गया है, जबकि अन्य एपिसोड नेटफ्लिक्स और यूट्यूब पर साथ स्ट्रीम होते हैं।

लीक हुए क्लिप्स में से एक में राघव और मुनव्वर के बीच के इमोशनल मोमेंट को भी दिखाया गया, जहां दोनों पिछले महीनों की चुनौतियों के बारे में बात करते दिखे। राघव ने मुनव्वर की तारीफ की कि उन्होंने मुश्किल समय में भी अपने सेंस ऑफ ह्यूमर को बरकरार रखा और जबरदस्त वापसी की। इससे पहले समय रैना ने अपने शो के पिछले एपिसोड की उस कंटेस्टेंट को लेकर सपोर्ट दिखाया था, जो खुद को 'मर्दों से नफरत करने वाली' बताकर ट्रोल्स से घिर गई थी। साक्षी झा नाम की इस कंटेस्टेंट ने शो के दौरान कुछ ऐसी बातें कहीं, जिसे लेकर उन्हें सोशल मीडिया पर नफरत मिलने लगी। ऐसे में समय उनके समर्थन में आगे आए और फैंस से अपील की कि वह उन्हें इस तरह टारगेट न करें और उनके साथ नरमी से पेश आएं। उन्होंने साक्षी के सपोर्ट में अपना एक वीडियो अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट किया था। नए बोनस एपिसोड के सामने आने के बाद दर्शकों के बीच शो को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है।

# 'महारानी' बनकर फिर लौटेंगी हुमा कुरैशी, सीजन 5 में भी गूंजेगी रानी भारती की हुंकार

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी इन दिनों अलग-अलग वजहों से चर्चा में बनी हुई हैं। एक तरफ उनकी पर्सनल लाइफ चर्चा में है तो दूसरी ओर, इस महीने की शुरुआत में एक्ट्रेस की फिल्म 'बेबी डू डाई डू' रिलीज हुई, जिसे दर्शकों का मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला। हुमा अपने किरदार और एक्टिंग से दर्शकों को इंप्रेस करने में सफल रहीं। इस फिल्म में हुमा कुरैशी एक मूक-बधिर कॉन्ट्रैक्ट किलर 'बेबी करमरकर' के किरदार में नजर आईं। हुमा कुरैशी की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल तो नहीं दिखा पाई, लेकिन एक्ट्रेस ने अपनी एक्टिंग से हर किसी का दिल जीत लिया। अब अपने जन्मदिन के मौके पर हुमा ने अपने फैंस को जबरदस्त सरप्राइज दिया है। एक्ट्रेस ने अपनी हिट वेब सीरीज 'महारानी' के पांचवें सीजन का ऐलान कर दिया है। हुमा कुरैशी ने इंस्टाग्राम पर 'महारानी' स्वेटशर्ट में अपनी तस्वीर शेयर कर 'सीजन 5 शुरू' लिखकर फैंस को बड़ी खुशखबरी दी है। रानी भारती के रूप में उनकी वापसी एक बड़े राजनीतिक घमासान का संकेत है। पिछले सीजन की अपार सफलता के बाद दर्शक रानी भारती के निडर अंदाज को फिर से देखने के लिए बेताब थे। हुमा की पोस्ट ने साफ कर दिया है कि सीरीज अब विकास के अगले चरण में है। बता दें कि अब तक इस पॉपुलर सीरीज के चार सीजन आ चुके हैं और चारों को दर्शकों ने काफी पसंद किया है। अब हुमा कुरैशी एक बार फिर रानी भारती के किरदार में नजर आएंगी। यह किरदार अपनी हिम्मत, मजबूत इरादों और सत्ता तक पहुंचने के संघर्ष के चलते दर्शकों का पसंदीदा बना हुआ है। नई कड़ी को लेकर दर्शकों की उत्सुकता केवल कहानी की अगली दिशा जानने तक सीमित नहीं है, बल्कि सभी की निगाहें इस बात पर भी टिकी हैं कि सत्ता, संघर्ष और विश्वासघात के बीच मुख्य पात्र इस बार किस तरह अपनी राजनीतिक सूझबूझ का परिचय देगा। पिछले अध्यायों में जिस तरह परिस्थितियों ने उसके व्यक्तित्व को लगातार मजबूत बनाया, उससे यह स्पष्ट हो गया था कि अब उसके सामने केवल विरोधियों से मुकाबला करने की चुनौती नहीं, बल्कि अपने ही लोगों के बीच भरोसा बनाए रखने की कठिन परीक्षा भी होगी। जानकारों का मानना है कि आगामी अध्याय में राजनीतिक समीकरण पहले से कहीं अधिक जटिल दिखाई दे सकते हैं। सत्ता के गलियारों में बदलते रिश्ते, नए गठजोड़, छिपी हुई महत्वाकांक्षाएं और जनता की उम्मीदों के बीच कहानी का विस्तार होने की संभावना है। यही कारण है कि दर्शक केवल घटनाक्रम ही नहीं, बल्कि पात्रों के मनोवैज्ञानिक संघर्ष को भी देखने के लिए उत्साहित हैं। इस श्रृंखला की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि इसमें केवल राजनीतिक घटनाएं नहीं दिखाई जातीं, बल्कि सत्ता के पीछे छिपे मानवीय पक्ष, भावनात्मक द्वंद्व और नैतिक निर्णयों को भी समान महत्व दिया जाता है। मुख्य पात्र का सफर एक साधारण महिला से प्रभावशाली नेतृत्वकर्ता बनने तक का रहा है। इसी यात्रा ने उसे लाखों दर्शकों के बीच अलग पहचान दिलाई। कठिन परिस्थितियों में अडिग रहना, अपने निर्णयों पर दृढ़ बने रहना और विरोध के बीच भी पीछे न हटना उसके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरा है। यही कारण है कि हर नए अध्याय के साथ दर्शकों की अपेक्षाएं भी पहले से अधिक बढ़ती गई हैं। मनोरंजन जगत के विशेषज्ञों का कहना है कि यदि आगामी अध्याय भी पहले की तरह मजबूत लेखन, प्रभावशाली संवाद और दमदार अभिनय के साथ सामने आता है, तो यह श्रृंखला एक बार फिर लोकप्रियता के नए कीर्तिमान स्थापित कर सकती है। पिछले सभी अध्यायों में सामाजिक और राजनीतिक विषयों को जिस गंभीरता और संतुलन के साथ प्रस्तुत किया गया, उसने इसे सामान्य मनोरंजन से कहीं आगे पहुंचा दिया। यही वजह है कि यह श्रृंखला अलग-अलग आयु वर्ग के दर्शकों के बीच समान रूप से पसंद की जाती रही है। इस घोषणा के बाद सामाजिक माध्यमों पर भी दर्शकों का उत्साह साफ दिखाई दे रहा है। अनेक प्रशंसकों ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए लिखा कि वे लंबे समय से इस नए अध्याय की प्रतीक्षा कर रहे थे। कई लोगों ने मुख्य पात्र के पुराने दृश्यों और संवादों को साझा करते हुए अपनी पसंदीदा यादों को भी ताजा किया। इससे स्पष्ट है कि इस श्रृंखला ने केवल मनोरंजन ही नहीं किया, बल्कि अपने प्रभावशाली कथानक और सशक्त पात्रों के माध्यम से दर्शकों के मन में स्थायी स्थान भी बनाया है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि नए अध्याय की कहानी किस दिशा में आगे बढ़ेगी और सत्ता के इस रोमांचक संघर्ष में कौन किस पर भारी पड़ेगा। यदि पिछले अध्यायों की परंपरा को आगे बढ़ाया गया, तो दर्शकों को एक बार फिर भावनाओं, राजनीति, रणनीति और रोमांच से भरपूर ऐसा कथानक देखने को मिल सकता है, जो लंबे समय तक चर्चा का विषय बना रहे।



## 'दो बच्चों का बाप बनने वाला हूं यार', रणवीर सिंह ने फ्लर्ट कर रही फैन को दिया जवाब, उंगलियों के जेस्चर ने खींचा ध्यान



'धुरंधर' के बाद रणवीर सिंह की फैन फॉलोइंग और भी ज्यादा बढ़ गई है। इस फिल्म ने रणवीर को हिंदी सिनेमा के टॉप स्टार्स में शुमार कर दिया है। 'धुरंधर' और 'धुरंधर 2' की सफलता के बाद अब रणवीर सिंह अपनी अपकमिंग फिल्म 'प्रलय' की तैयारी में जुट गए हैं। दूसरी तरफ, रणवीर जल्दी ही अपनी पत्नी और एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण के साथ दूसरे बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। इस बीच, रणवीर सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जो थोड़ा पुराना है, लेकिन काफी मजेदार है। इस वीडियो में रणवीर के साथ एक लड़की फ्लर्ट करने की कोशिश कर रही है, जिस पर अभिनेता का रिएक्शन अब वायरल हो रहा है।

वह अपने साथ फ्लर्ट कर रही लड़की को याद दिलाते हैं कि वह जल्दी ही दूसरे बच्चे के पिता बनने वाले हैं। रणवीर सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में वह रेड कलर की टी-शर्ट पहने एक कॉपी आउटलेट में नजर आ रहे हैं। ये वीडियो मुंबई में एक प्रमोशनल इवेंट का है, जिसमें रणवीर अपने ब्रांड सुपर यू के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान रणवीर कुछ देर के लिए काउंटर के पास आकर खड़े हो जाते हैं और कोई उन्हें कैमरे में रिकॉर्ड कर रहा होता है। इसी बीच एक फैन उनकी तारीफ करती है और उनसे मजाकिया अंदाज में फ्लर्ट करती है।

## इंडिया कुटूर वीक 2026 में अर्पिता मेहता का डेब्यू, पारंपरिक परिधान में लगाया मॉडर्न तड़का



फैशन डिजाइनर अर्पिता मेहता ने FDCI की पहल और Nexxus New York के साथ मिलकर हुंडई इंडिया कुटूर वीक 2026 में अपना पहला कॉउचर कलेक्शन 'सेरेमोनियल' लॉन्च किया। यह कलेक्शन भारत की पारंपरिक टेक्सटाइल और कारीगरी को आधुनिक अंदाज़ में पेश करता है। इसका संदेश है कि हमारी पुरानी कलाएं समय के साथ बदलती रहती हैं और आज की महिलाओं की पसंद और जीवनशैली के साथ आगे बढ़ती हैं। अर्पिता मेहता अपने रंगीन डिजाइन, बारीक कढ़ाई और मॉडर्न स्टाइल के लिए जानी जाती हैं। 'सेरेमोनियल' उनके करियर का एक खास कलेक्शन है।

इस कलेक्शन में बांधनी, बनारसी और टिश्यू जैसे पारंपरिक कपड़ों का इस्तेमाल किया गया है। पहली बार इसमें कांथा कढ़ाई को भी शामिल किया गया है। इन सभी पारंपरिक कलाओं को उनकी असली खूबसूरती बनाए रखते हुए नए डिज़ाइन और मॉडर्न सिल्हूट के साथ पेश किया गया है। कलेक्शन में अर्पिता का सिग्नेचर मिरर वर्क और विंटेज स्टाइल से प्रेरित जेमस्टोन एम्ब्रॉयडरी भी देखने को मिली, जिसने हर आउटफिट को खास और आकर्षक बनाया। 'सेरेमोनियल' यह दिखाता है कि आज के समय में खास मौके और समारोह सिर्फ परंपराओं तक सीमित नहीं हैं।

वे हर महिला की अपनी पसंद, पहचान और स्टाइल को भी दर्शाते हैं। अर्पिता मेहता के पहले कॉउचर कलेक्शन 'सेरेमोनियल' में भारतीय पारंपरिक कपड़ों को नए और मॉडर्न अंदाज में पेश किया गया। इस कलेक्शन में खूबसूरत लहंगे, साड़ियां, कोर्सेट ब्लाउज, मॉडर्न ड्रेप्स और खास मौकों के लिए तैयार किए गए कई तरह के आउटफिट शामिल थे। ये कपड़े उन महिलाओं के लिए बनाए गए हैं जो परंपरा को पसंद करती हैं, लेकिन अपने स्टाइल में आधुनिकता भी चाहती हैं। हर डिजाइन में सुंदर कारीगरी के साथ आराम का भी पूरा ध्यान रखा गया है। कलेक्शन के रंग भी इसकी खासियत रहे। इसमें कोकोनट, रोज टैन, सेज, सीफ़ोम और टील जैसे हल्के रंगों के साथ गहरे वॉयलेट और सिंदूरी लाल रंगों का इस्तेमाल किया गया।

# जापान में 7.1 तीव्रता की भूकंप के बाद मॉल में हुआ धमाका, कई लोगों की मौत की आशंका

जापान में मंगलवार को 7.1 तीव्रता का भूकंप आने के कुछ घंटों बाद, भूकंप के झटकों से काशिमा टाउन के एओन मॉल कुमामोटो में तेज धमाका हुआ। मॉल में कार्यरत एक रिटेलर के एक बयान के अनुसार, मॉल से कुछ ग्राहकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है, लेकिन कई लोग अभी भी फंसे हुए हैं और उनके मारे जाने की आशंका है। स्थानीय समाचार एजेंसी एनएचके ने अग्निशमन अधिकारियों के हवाले से बताया कि विस्फोट के कारण इमारत की दूसरी मंजिल का एक हिस्सा ढह गया। न्यूज एजेंसी एएफपी के अनुसार, अग्निशमन विभाग ने एक बयान में कहा, "काशिमा शहर में एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दूसरी




मंजिल ढह गई, जिससे कई लोग अंदर फंस गए।" पुलिस ने इससे पहले कहा था कि उन्हें कुमामोटो क्षेत्र के एयॉन मॉल आउटलेट में विस्फोट जैसी आवाज की सूचना मिली थी। जापान में ज़बरदस्त भूकंप मंगलवार को जापान के दक्षिण-पश्चिमी इलाके में 7.1 तीव्रता का भूकंप आया। जापान की मौसम एजेंसी के अनुसार, भूकंप का केंद्र क्यूशू द्वीप पर कुमामोटो प्रान्त के पास था, जो मध्य टोक्यो से लगभग 900 किलोमीटर (560 मील) दूर है।

यह भूकंप ज़मीन से बहुत कम गहराई, यानी 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। JMA ने भूकंप के बाद छोटी सुनामी को लेकर भी सावधानी बरतने की सलाह दी। भूकंप और उसके बाद आए दो झटकों (आफ्टरशॉक्स) की वजह से इलाके में ट्रांसपोर्ट, मोबाइल कम्युनिकेशन और उड़ानें ठप हो गईं। स्थानीय रिपोर्टों के मुताबिक, कुमामोटो एयरपोर्ट का रनवे बंद कर दिया गया और इसे दोबारा खोलने का कोई समय तय नहीं किया गया है। कुमामोटो में कुछ 7-इलेवन स्टोर में बिजली गुल होने की खबर है, जबकि NTT डोकोमो ने मोबाइल सेवाओं में रुकावट की जानकारी दी है।चीफ़ कैबिनेट सेक्रेटरी मिनोरू किहारा ने कहा कि न्यूक्लियर पावर प्लांट में किसी तरह की गड़बड़ी की खबर नहीं है। इस नुकसान में ज़बरदस्त भूकंप के कारण गिरी इमारतें, आग लगने की घटनाएं और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी समस्याएं शामिल हैं।

# 'यहूदियों की सुरक्षा मेरी पहली प्राथमिकता', नेतन्याहू के साथ बहस से ममदानी का इनकार

न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आलोचना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि वह उनके साथ किसी तरह की 'आरोप-प्रत्यारोप की बहस' में नहीं पड़ना चाहते।



ममदानी ने कहा कि न्यूयॉर्क में रहने वाले यहूदी नागरिकों की सुरक्षा उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में शामिल है। ब्रुकलिन में सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ममदानी से नेतन्याहू के उन बयानों पर सवाल पूछा गया था, जिनमें इजरायली प्रधानमंत्री ने उन पर नफरत को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। ममदानी ने कहा मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए कहा था कि वह प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ किसी तरह की बहस में नहीं पड़ना चाहते। उन्होंने कहा, 'मैं इतना जरूर कहना चाहता हूं कि न्यूयॉर्क शहर में मेरी सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में से एक यहूदी न्यूयॉर्कवासियों को सुरक्षित रखना है और हर एक न्यूयॉर्क निवासी की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। हम जानते हैं कि न्यूयॉर्क की कुल आबादी में यहूदी समुदाय अल्पसंख्यक है, लेकिन सभी घृणा अपराधों के पीड़ितों में उनकी संख्या सबसे ज्यादा है। यह पूरी तरह अस्वीकार्य है।'

ममदानी से यह भी पूछा गया कि क्या उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत में अपने उस पुराने बयान का जिक्र किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर नेतन्याहू न्यूयॉर्क आते हैं तो अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के आदेश के तहत उनकी गिरफ्तारी करनी चाहिए। इस पर ममदानी ने कहा, 'मैं अपनी राय पहले ही स्पष्ट कर चुका हूं।

राष्ट्रपति और मेरे बीच हुई बातचीत को मैं हम दोनों के बीच ही रखना चाहता हूं।'

# PoK में प्रदर्शनकारियों पर बर्बरता, पाकिस्तानी सेना की फायरिंग में 19 की मौत, दर्जनों घायल



रावलकोट में प्रदर्शनकारियों पर पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने गोलीबारी की। इस गोलीबारी में कम से कम 19 लोगों के मारे जाने का दावा किया गया है। इसके अलावा लगभग दो दर्जन से अधिक लोग फायरिंग की इस घटना में घायल हो गए। जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (JAAC) ने एक वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में JAAC ने कहा कि विरोध प्रदर्शन का काफिला चिनार चौक तक पहुंच गया था और रावलकोट में मकबूल भट शहीद चौक पर रात के लिए रुकने से पहले D-चौक की ओर बढ़ रहा था। वीडियो में कहा गया, "आज, पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने हमारे निर्दोष युवाओं पर गोलीबारी की। नतीजतन, हमारे 19 युवा शहीद हो गए हैं। उनमें आंदोलन के संस्थापक उमर नजीर कश्मीरी के छोटे भाई उस्मान नज़ीर भी शामिल हैं। अन्य शहीदों में खैगाला, कोटली शहर, टट्टापानी, बंजा-बासपुर, छोटा गाला और हवेली का एक-एक साथी शामिल है। कुल मिलाकर 19 लोग शहीद हुए हैं, जिनमें हमारे दो बलूच दोस्त भी शामिल हैं।

लगभग दो दर्जन अन्य लोग घायल हैं।" उन्होंने विदेशों में रहने वाले कश्मीरियों से इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने की अपील की और आरोप लगाया कि अधिकारी प्रदर्शनकारियों पर अत्याचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "हम आगे बढ़ रहे हैं। मैं विदेशों में रहने वाले कश्मीरियों से इन अत्याचारों के खिलाफ खड़े होने की अपील करता हूं।

राज्य घबराहट की स्थिति में है और नरसंहार का सहारा ले रहा है। कृपया पाकिस्तानी दूतावासों और संयुक्त राष्ट्र (UN) जैसे अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों के सामने विरोध प्रदर्शन करें। लॉन्ग मार्च में शामिल लोगों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए रैलियां आयोजित करें।"

बता दें कि भारत ने PoK में हुए विरोध प्रदर्शनों को इस्लामाबाद द्वारा अपने "ज़बरदस्ती" कब्ज़े वाले इलाकों में दशकों से किए जा रहे "व्यवस्थित शोषण और प्रशासनिक दमन" का "सीधा नतीजा" बताया और प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की कथित बर्बरता की आलोचना की।

# इराक में फिर से हुए कई धमाके, अमेरिकी दूतावास के पास भी हमला; गैस फील्ड को बनाया निशाना

उत्तरी इराक के इरबिल में मंगलवार तड़के कई धमाके हुए। इस दौरान अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के पास भी धमाके हुआ।

इन धमाकों के पीछे ईरानी ड्रोन थे, जिन्होंने इलाके में कई जगहों को निशाना बनाया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कम से कम चार ईरानी ड्रोनों ने उत्तरी इराक के खलीफान और सोरान इलाकों में ठिकानों को निशाना बनाया, जो इरबिल के उत्तर-पूर्व में स्थित हैं। इस हमले के कारण निशाना बनाए गए इलाकों और उनके आसपास भीषण आग लग गई। पुलिस ने बताया कि दो ड्रोन निशाना बनाए गए ठिकानों के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गए।

इराकी स्थानीय मीडिया का हवाला देते हुए अल जजीरा ने बताया कि इरबिल में कम से कम 7 धमाके सुने गए, जिनमें अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के पास के इलाके भी शामिल थे।

ईरानी ड्रोन हमले की आशंका के जवाब में, पुलिस सूत्रों ने अल जजीरा को बताया कि "खबरों के अनुसार, दस से ज़्यादा अमेरिकी लड़ाकू विमान और ड्रोन इरबिल के ऊपर उड़ान भर रहे हैं।"

इसके अलावा, ईरानी सरकारी प्रसारक IRIB ने इराकी सूत्रों का हवाला देते हुए अल-अनबार प्रांत में एक अमेरिकी ड्रोन के नष्ट होने की खबर दी।

स्थानीय मीडिया ने हदीथा बांध के पास दुर्घटनाग्रस्त हुए अमेरिकी ड्रोन की तस्वीरें भी प्रकाशित कीं। इन हमलों के साथ-साथ उत्तरी और पश्चिमी इराक में बड़े पैमाने पर सैन्य गतिविधियां भी देखी गईं।

IRIB ने बताया कि सुलेमानियाह में खोर मोर गैस फील्ड पर भी हमला किया गया।

## सार समाचार

### फ्रांस और स्पेन में जंगल की भीषण आग से हड़कंप



पेरिस/मैड्रिड। फ्रांस और स्पेन में फैली जंगल की आग पर काबू पाने की जद्दोजहद जारी है। हजारों दमकलकर्मी दिन-रात आग को बुझाने की कोशिश में लगे हैं, हालांकि मौसम विभाग ने इस सप्ताह एक नई हीटवेव की चेतावनी दी है, जिससे हालात और अधिक चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। यूरोपीय संघ (ईयू) के अधिकारियों का कहना है कि इस वर्ष वाइल्डफायर ने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और नवंबर की शुरुआत तक इसके जारी रहने की आशंका बरकरार है। स्पेनिश मीडिया हाउस एल पेस के मुताबिक स्पेन के गृह मंत्री फर्नांडो ग्रांडे-मार्लास्का ने सोमवार और मंगलवार को "बेहद महत्वपूर्ण दिन" बताते हुए कहा कि बुधवार से तापमान फिर बढ़ने वाला है। वहीं प्रधानमंत्री पेद्रो सांचेज ने चेतावनी दी कि देश के सामने "कठिन और जटिल घंटे" हैं। स्पेन में मैड्रिड के पश्चिम स्थित आविला के पहाड़ी इलाके में लगी आग जंगल की सबसे बड़ी आग बन गई है, जिसने लगभग 50,000 हेक्टेयर क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है। मैड्रिड के उत्तर-पश्चिम में लगी दो अन्य बड़ी आग को मिलाकर राजधानी के आसपास करीब 77,000 हेक्टेयर भूमि जल चुकी है। स्पेन की मौसम एजेंसी एईमेट के अनुसार, हीटवेव कम से कम रविवार तक जारी रहेगी, और तेज गर्मी तथा दक्षिणी हवाएं आग बुझाने के कार्य को और कठिन बना देंगी। फ्रांसीसी दैनिक ली मोंड के अनुसार फ्रांस में भी स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि आने वाले सप्ताह कठिन होंगे और सभी को सतर्क रहना होगा। उन्होंने बताया कि लांद क्षेत्र में लगी आग काफी हद तक नियंत्रित कर ली गई है, लेकिन वह अभी भी खतरनाक बनी हुई है। इस आग के कारण 30,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया था।

### वाशिंगटन में ट्रंप से मिलेंगे नेतन्याहू, ईरान और क्षेत्रीय सुरक्षा पर होगी चर्चा




वाशिंगटन। ईरान के साथ जारी तनाव के बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करने वाले हैं। व्हाइट हाउस की ओर से किए गए ऐलान के अनुसार, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू मंगलवार को स्थानीय समयानुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलेंगे। दूसरी तरफ यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की भी ट्रंप से मिलेंगे। व्हाइट हाउस के शेड्यूल के अनुसार, यह बैठक मीडिया की मौजूदगी के बिना आयोजित की जाएगी। हालांकि, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले भी कई बार ऐसी बैठकों को आखिरी समय में पत्रकारों के लिए ओपन करते हैं। नेतन्याहू से मुलाकात से पहले ट्रंप यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से भी मुलाकात करेंगे।

### डिफेंस और सिविल न्यूक्लियर सेक्टर में सहयोग बढ़ा रहे भारत-अमेरिका, अमेरिकी अधिकारियों ने दोनों देशों के लिए बताया जरूरी



अमेरिका के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि अमेरिका और भारत रक्षा, सिविल न्यूक्लियर एनर्जी और भरोसेमंद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उभरती टेक्नोलॉजी जैसे अहम रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ा रहे हैं। अमेरिका के असिस्टेंट सेक्रेटरी ऑफ स्टेट एस. पॉल कपूर ने हूवर इंस्टीट्यूशन में भारत पर आयोजित एक राउंडटेबल में ये बातें कहीं। इस कार्यक्रम में पूर्व सेक्रेटरी ऑफ स्टेट कोंडोलीजा राइस और भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत डेविड सी. मुलफ़ोर्ड भी शामिल हुए। एस. पॉल कपूर ने सोमवार को X पर एक पोस्ट में कहा, "इस (ट्रंप) प्रशासन के तहत, भारत के साथ अमेरिका का जुड़ाव देश में नौकरियां पैदा कर रहा है और उन सप्लाई चेन को मजबूत कर रहा है जो अमेरिका और इस क्षेत्र, दोनों के लिए बहुत ज़रूरी हैं।" उन्होंने आगे कहा, "हम रक्षा और सिविल न्यूक्लियर सहयोग का विस्तार कर रहे हैं, जिसमें भरोसेमंद AI और अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने वाली अन्य नई तकनीकों को अपनाना भी शामिल है।" पिछले साल, भारत और अमेरिका ने एक व्यापक रक्षा साझेदारी के लिए फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर किए। इसका मकसद जमीन, समुद्र, हवा, अंतरिक्ष और साइबरस्पेस जैसे सभी क्षेत्रों में आपसी तालमेल और काम करने की क्षमता (इंटरऑपरेबिलिटी) को बढ़ाना था। साल 2002 से, भारत ने अमेरिका से कई तरह के रक्षा उपकरण खरीदे हैं, जिनमें अपाचे और चिनूक हेलीकॉप्टर, C-17 ग्लोबमास्टर III और C-130J सुपर हरक्यूलिस ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट, P-8I मैरीटाइम पेट्रोल एयरक्राफ्ट और M777 अल्ट्रा-लाइट होवित्ज़र शामिल हैं। उन्होंने प्राइवेट सेक्टर के साथ सहयोग के मौकों का पता लगाने के लिए यह दौरा किया।

# 'पिछले 5 साल रूस के लिए बेहद कठिन और निर्णायक', पश्चिमी देशों पर बरसते हुए पुतिन का बड़ा बयान



मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर यूक्रेन में जारी सैन्य अभियान को सही ठहराते हुए कहा है कि रूस अपने सभी लक्ष्य हासिल करेगा। उन्होंने भरोसा जताया कि देश एकजुट होकर जीत हासिल करेगा और रूस की सुरक्षा व संप्रभुता की रक्षा करेगा। साथ ही उन्होंने पश्चिमी देशों पर रूस के खिलाफ कैंपेन चलाने और दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। मॉस्को में सोमवार को रूस की संघीय संसद 'स्टेट ड्यूमा' के आठवें कार्यकाल के सांसदों को संबोधित करते हुए पुतिन ने कहा, 'हम अपने सभी लक्ष्य हासिल करेंगे और मिलकर जीत के लिए, रूस के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।' पुतिन ने कहा कि पिछले 5 साल रूस के लिए बेहद कठिन और निर्णायक रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान देश और उसके लोगों के भविष्य की परीक्षा हुई है। पुतिन ने सांसदों का धन्यवाद करते हुए कहा कि सभी ने मिलकर रूस की संप्रभुता को मजबूत करने और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि रूस अपनी सुरक्षा और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए लगातार प्रयास करता रहेगा। यूक्रेन के साथ जारी जंग का जिक्र करते हुए पुतिन ने कहा, 'विशेष सैन्य अभियान में शामिल हमारे सैनिक रूस और मातृभूमि के लिए बहादुरी से लड़ रहे हैं। उन्हें पूरे देश और समाज का समर्थन प्राप्त है।' पुतिन ने कहा कि इतिहास में जब भी रूस पर बाहरी खतरा आया, देश एकजुट होकर उसके खिलाफ खड़ा हुआ और आज भी वही भावना दिखाई दे रही है। उन्होंने पश्चिमी देशों पर संयुक्त राष्ट्र चार्टर के इस्तेमाल में दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया। पुतिन ने कहा कि पश्चिम अपने हितों के अनुसार ही आत्मनिर्णय के सिद्धांत की बात करता है। रूसी राष्ट्रपति ने दावा किया कि 2022 से पश्चिम ने रूस के खिलाफ पूरी ताकत से 'रूसोफोबिया' चलाया और रिकॉर्ड संख्या में प्रतिबंध लगाए, लेकिन ये प्रतिबंध अपने उद्देश्य में सफल नहीं हुए। पुतिन ने आरोप लगाया कि जब रूस के विरोधी देश युद्ध के मैदान में उसे हराने में असफल रहे तो उन्होंने रूसी जनता के खिलाफ 'खुलेआम आतंकवादी तरीके' अपनाने शुरू कर दिए। पुतिन ने कहा, 'रूस के लोगों को कभी तोड़ा नहीं जा सकता। न पहले कभी ऐसा हुआ है और न ही भविष्य में होगा।' उन्होंने रूस की राजनीतिक व्यवस्था का बचाव करते हुए कहा कि देश की संस्थाएं संविधान के अनुसार मजबूत और संप्रभु आधार पर बनी हैं तथा किसी भी बाहरी चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं। यह बयान ऐसे समय आया है जब यूक्रेन में युद्ध जारी है। एक ओर रूस अपना सैन्य अभियान जारी रखे हुए है, वहीं पश्चिमी देश यूक्रेन को लगातार सैन्य सहायता दे रहे हैं और रूस पर प्रतिबंध भी लागू हैं।

# 'कोई और तय नहीं करेगा कि अमेरिका क्या बेचेगा', F-35 डील पर ट्रंप ने नेतन्याहू को दिया जवाब



वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तुर्किये को F-35 स्टेल्थ लड़ाकू विमान बेचने के प्रस्ताव पर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आपत्ति को खारिज कर दिया है। ट्रंप ने साफ कहा कि अमेरिका क्या बेचेगा, यह फैसला कोई दूसरा नेता नहीं करेगा। सोमवार को एयर फोर्स वन में ट्रंप ने मीडिया से कहा, 'कोई मुझे यह नहीं बताएगा कि हमें क्या बेचना चाहिए। तुर्किये मेरे लिए एक शानदार सहयोगी रहा है।' ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सोमवार को वॉशिंगटन पहुंचे हैं। यहां उनकी ट्रंप के साथ अहम बैठक होनी है, जिसमें क्षेत्रीय सुरक्षा और ईरान से जुड़े मुद्दे प्रमुख एजेंडे में शामिल हैं। बता दें कि हाल ही में नेतन्याहू ने CNN को दिए इंटरव्यू में तुर्किये को अमेरिकी F-35 लड़ाकू विमान बेचने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया था। उन्होंने कहा था कि उन्होंने खुद राष्ट्रपति ट्रंप से इस सौदे को मंजूरी नहीं देने की अपील की है। यह तब हुआ जब ट्रंप ने संकेत दिए थे कि वह अपने पहले कार्यकाल में लगाए गए प्रतिबंधों को हटाने पर विचार कर रहे हैं। नेतन्याहू ने कहा, 'अमेरिका के सबसे आधुनिक लड़ाकू विमान तुर्किये को बेचने से वह अमेरिका का दोस्त नहीं बन जाएगा। तुर्किये का मौजूदा शासन मुस्लिम ब्रदरहुड से प्रभावित है, जो अमेरिका से नफरत करता है। रेचेप तैयप एर्दोआन अमेरिका के आदर्श सहयोगी नहीं हैं। वह मेरे देश, दुनिया के इकलौते यहूदी राष्ट्र को खत्म करने की धमकी देते हैं।' ट्रंप ने F-35 को 'अब तक का सबसे बेहतरीन लड़ाकू विमान' बताते हुए कहा कि 'यह ऐसा प्रस्ताव है, जिस पर हम निश्चित रूप से विचार करेंगे।'

# वेस्ट बैंक में हिंसा का नया दौर, दो मस्जिदों में लगाई आग, इजरायल पर आगजनी का आरोप, बढ़ा तनाव

तेल अवीव। इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में एक बार फिर हिंसा का नया दौर शुरू हो गया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि वेस्ट बैंक में दो मस्जिदों में आग लगा दी गई। अधिकारियों के मुताबिक, उत्तरी वेस्ट बैंक के कुसरा और कौर गांवों में रात के समय मस्जिदों में आग लगाई गई। इस घटना को कथित तौर पर इजरायली बस्तियों में रहने वाले लोगों के हमले से जोड़कर देखा जा रहा है। आगजनी में दोनों मस्जिदों को काफी नुकसान पहुंचा है। हमले के बाद इज़रायली सैनिक और पुलिस वेस्ट बैंक में फैल गए।

उन्होंने मुख्य सड़कें बंद कर दीं और उस अस्पताल का रास्ता रोक दिया जहाँ उनके अनुसार दो आतंकी छिपे हुए थे। बढ़ते हुए तनाव को काबू में करने की कोशिश के तहत, इज़राइल ने इस वीकेंड में 70 से ज़्यादा फ़िलिस्तीनियों को गिरफ़्तार भी किया। इजरायली सेना ने मस्जिदों पर हमले की निंदा करते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाने वाली ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सेना ने पुलिस के साथ मिलकर मामले की जांच शुरू करने की बात कही है। हालांकि फिलिस्तीनियों और मानवाधिकार संगठनों का आरोप है कि इजरायली बस्तियों के लोगों द्वारा फिलिस्तीनियों पर किए जाने वाले हमलों के मामलों में अक्सर कोई एक्शन नहीं लिया जाता है। वहीं वेस्ट बैंक में हालात पर काबू पाने के लिए इजरायली सेना और पुलिस ने कई इलाकों में अभियान चलाया। अधिकारियों के मुताबिक, वीकेंड में 70 से अधिक फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया गया।

## SPORTS NEWS

### Justin Greaves sets new world record with historic spell vs Pakistan in first Test in Trinidad

Justin Greaves became the first-ever bowler to deliver five consecutive wicket-maidens in the opening Test match against Pakistan in Trinidad. The West Indies all-rounder has achieved a feat that no other player has done in the history of Test cricket.

His achievement surpassed the prior record of four straight wicket-maidens set by former England fast bowler Stuart Broad against South Africa in Johannesburg in January 2016. By the end of the day, West Indies managed a lead of 155 runs after restricting Pakistan to 282 runs in the first innings.

On Day 3 at the Brian Lara Cricket Academy in Tarouba, Pakistan started strong. However, the 31-year-old Greaves changed the course of the match and he ended with his personal best stats of 5/27 from 11 overs, taking all five wickets in five consecutive maiden overs. Courtesy of Shan Masood's century, Pakistan were cruising at 158/2.

### Preeti Pawar, Priya Ghanghas assure India of boxing medals at Commonwealth Games 2026



Boxers Preeti Pawar and Priya Ghanghas assured India of two more medals at the Commonwealth Games 2026 after winning their respective quarterfinal bouts in Glasgow on Tuesday, July 28. Preeti, the Asian Games bronze medallist, stormed into the semifinals in the Women's 54kg, while Priya moved into the last four in Women's 60kg. Preeti defeated Northern Ireland's Nicole Clyde in the quarterfinals by a unanimous 5-0 decision with a dominant display. Priya had to battle it out much harder against the local girl Niamh Mitchell in the 69kg category with a 4-1 split decision in her favour. Preeti displayed a dominant performance as she did not give any respite to her opponent. She bagged the first round 5-0 in her favour before keeping the same impression in the second round too. The third round went in her favour unanimously as she won 5-0. Preeti would now face Catherine Mwape in her semifinal bout. However, Priya, the Asian Championships' gold medallist, had a tricky time against the home favourite Mitchell as she lost the first round 1-4 before staging a comeback in the second one, which she won 4-1 in her favour.

### India wins bronze in ISSF World Cup mixed doubles through Sonam Uttam Maskar, Himanshu Dhillon



India added another medal to its tally at the ISSF World Cup Rifle/Pistol/Shotgun in Hangzhou. Sonam Uttam Maskar and Himanshu Dhillon claimed bronze in the 10m Air Rifle Mixed Team event with a strong display across qualification and the medal round. The Indian pair secured their place in the final after combining for a qualification score of 634.6. Sonam contributed 317.2, while Himanshu finished with 317.4 to book a spot among the leading teams. India also had a second pairing in contention. Elavenil Valarivan and Parth Rakesh Mane advanced to the final after posting an aggregate of 634.2, with scores of 316.8 and 317.4 respectively. In the medal contest, Sonam and Himanshu maintained their consistency to finish with a combined total of 441.2 points, with both shooters contributing 220.6 each. Their effort earned India the bronze medal, while China 1 and China 2 finished ahead of them on the podium. Elavenil and Parth narrowly missed out on a medal after placing fourth with a total of 378.8. Elavenil scored 190.5 in the final, while Parth added 188.3. Speaking after the event, Sonam said the result would provide valuable confidence heading into the major international competitions later this year. The bronze medal continued an impressive run for the 23-year-old shooter from Kolhapur. The result marked his first medal at the senior ISSF World Cup level.

## 'I am not able to focus properly at Commonwealth Games': Lovlina appeals for help in Assam floods



Shaken by the devastating floods in her home state, Assam, Olympic medallist Lovlina Borgohain stated that she is not able to "focus properly" at the ongoing Commonwealth Games in Glasgow. The boxer appealed for help for the people who have been the brunt of the floods. Borgohain, who has assured the country of a medal by moving into the women's 75kg semifinals after receiving a bye in the quarterfinals, shared a video message to express her emotions. "I am feeling very bad that a lot of people have lost their lives because of the flood in Assam. A lot of people are facing a lot of problems at this time," Borgohain said in a video message. The pugilist further stated that she is not able to focus on her campaign in Glasgow due to the devastation in her state, as over 4.45 lakh people have been affected across the six districts. "A lot of people have lost their homes, and everything has been washed away. At this time, people are not getting food, water, clothes, and other necessities. "I am not able to focus properly here because of the condition of my people. I am trying to do my best. Our people are working hard to deliver the necessities to the people. The government is also doing its best. A lot of people from Assam are also coming out to help them. I need everyone to reach out to the people and help them. I request everyone to help us reach out to the people and deliver the necessities to them," she said. Meanwhile, earlier in the day, Prime Minister Narendra Modi stated that the central government is working with the Assam state government to help the people affected due to the floods. In a post on X, Modi said that he prayed for the safety and well-being of the people. "Met MPs from Assam and discussed the prevailing flood situation in various parts of the state. The Centre is working closely with the Assam Government in assisting those affected. I pray for everyone's safety and well-being," Modi said in the post. Meanwhile, the Assam State Disaster Management Authority (ASDMA) stated that the situation in Assam remained grim on Tuesday, as over 4.45 lakh people across six districts have been affected. This included the Sivasagar and Charaideo districts, as 631 villages have been inundated. The devastating floods have claimed the lives of 68 people so far. Hope endures amid unprecedented devastation.

## Geneva to host Chess World Championship showdown between Gukesh and Sindarov in November-December



The Chess World Championship match between current holder Gukesh D and challenger Javokhir Sindarov will take place in Geneva, Switzerland, the FIDE body announced on Tuesday. The showdown, which will be the youngest World Championship contest, will take place from November 25 to December 15. India's Gukesh is the current world champion, having won the title in December 2024 by beating Ding Liren. He was just 18 years old at that time. Meanwhile, Sindarov earned the spot in the title clash against Gukesh after winning the FIDE World Cup 2025 and clinched the 2026 FIDE Candidates. The two are 20-year-olds, which makes it the youngest World Championship contest in history.

Meanwhile, India chess legend and current FIDE Interim President Viswanathan Anand welcomed the venue announcement, stating that several countries wanted to host the clash. "Several countries expressed a strong interest in hosting the FIDE World Championship Match, including India, the United States and Cyprus. After carefully considering all the proposals, FIDE has decided to stage the match on neutral soil and bring it to Geneva, a city with a historic tradition of bringing nations and cultures together," Anand said. "We look forward to welcoming the global chess community to Switzerland. The local chess fans will have the opportunity to experience world-class chess in person, while millions of fans around the globe can follow the battle online as the duel for the highest title in chess unfolds," he added. The showdown will see the match being contested in 14 classical games. The first player who reaches the mark of 7.5 points will be crowned the world champion.

## India coach steps down ahead of Sri Lanka series, set to join Kolkata Knight Riders in IPL 2027



Ryan ten Doeschate has stepped down as assistant coach of the India men's cricket team. Earlier in the year, the former Netherlands cricketer issued a statement, confirming his desire to step aside after not being able to contribute heavily. He was initially promised to be named the fielding coach, but with the presence of T Dilip, Doeschate has only served as an assistant. He is now expected to return to the Indian Premier League, with Kolkata Knight Riders set to add him to their coaching staff, as Cricinfo reported. His move marks a reunion with a franchise where he previously enjoyed success both as a player and as a member of the support staff. Ten Doeschate joined the Indian team after a change in the coaching personnel following Rahul Dravid stepped down following India's successful 2024 T20 World Cup campaign. Since then, he worked across batting and fielding responsibilities, but he didn't have a permanent role in the team. His departure comes after India's difficult white-ball tour of England, where the visitors were beaten in both T20Is and ODIs. Support staff expected to evolve alongside the team's long-term plans.

## Zinedine Zidane appointed as new France head coach after Didier Deschamps calls it quits after 14 years



Zinedine Zidane has been appointed as the new head coach of the France national team. He takes over the charge after Didier Deschamps brought an end to his 14-year tenure following France's semi-final elimination at the 2026 World Cup.

The former Real Madrid manager will lead Les Bleus into their next international cycle, with his contract set to run through the 2030 World Cup qualifiers. Notably, Zidane returns to coaching after being away from the dugout since leaving Real Madrid for a second time in 2021. The appointment marks a return to the national setup for one of France's most celebrated football figures.

Zidane, who lifted the World Cup with France as a player in 1998, has long been regarded as one of the country's greatest talents.

## Rejuvenated Ireland announce squad for Afghanistan series, Paul Stirling returns as captain



Ireland have announced their 14-man squad for the five-match ODI series against Afghanistan, starting Wednesday, August 5.

The series will see the return of Paul Stirling, who was forced to sit out the marquee India T20Is due to an injury he suffered at the T20 World Cup 2026 earlier in the year. He will lead the side for the first three games of the series. If he manages to remain fit, Stirling will continue, or the team management can consider managing his workload. Newly T20-capped Jai Moondra and Ben Calitz have also been called up for the series and may even be handed the debut cap in the 50-overs format. There are a few absentees in the team as well. Josh Little, Matt Hollard, Craig Young, Barry McCarthy, Jordan Neill and David Delany will all be missing out on playing against Afghanistan in the first three matches. All of them are unavailable for selection either due to injury or return-to-play protocol. The team for the last two ODIs will be revealed after evaluating player fitness and a determination will be made regarding any necessary changes. Upon the squad's selection, Head Coach Gary Wilson, who will be the coach in charge for the series, expressed his confidence in the team and his enthusiasm for the series.

## Sharmila Dhankar scripts history, bags India's first para athletics gold at Commonwealth

Sharmila Dhankar scripted one of India's most memorable moments at the 2026 Commonwealth Games by winning the country's first-ever para athletics gold medal in Glasgow. The 40-year-old claimed the top spot in the women's shot put F57 event on Tuesday, capping an extraordinary journey marked by resilience, determination and personal triumph over adversity. Her gold medal also strengthened India's campaign at the Games, taking the country's tally to ten medals, including two gold, five silver and three bronze medals at the time of her victory.

Dhankar delivered her finest performance of the season when it mattered the most, producing a best throw of 9.81 metres to comfortably secure the gold medal. History made, inspiration forever endured.

# बुखार में ठंडे पानी की गलती और घरेलू मिथक : जानिए होम्योपैथिक दृष्टिकोण, सही देखभाल और अचूक उपाय



मानसून आते ही जलभराव और हवा में नमी के कारण डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड और वायरल बुखार जैसी बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है। इन सभी स्थितियों में बुखार शरीर का सबसे पहला और स्पष्ट लक्षण होता है। अक्सर बुखार आने पर लोग या तो नहाने से पूरी तरह परहेज करने लगते हैं या फिर शरीर का तापमान तुरंत घटाने की होड़ में ठंडे पानी से नहाने जैसी बड़ी भूल कर बैठते हैं। होम्योपैथिक चिकित्सा शास्त्र के अनुसार, बुखार खुद में कोई बीमारी नहीं है, बल्कि यह शरीर के आंतरिक रक्षा तंत्र का एक स्वाभाविक संकेत है, जो यह दर्शाता है कि शरीर किसी बाहरी संक्रमण (वायरस या बैक्टीरिया) से मुकाबला कर रहा है। जयपुर के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. एन. सी. पंवार बताते हैं कि होम्योपैथी के मूल सिद्धांत 'सिमिलिया सिमिलिबस क्युरेंटूर' के अनुसार, जब शरीर किसी बीमारी से लड़ रहा होता है, तो उसकी ऊर्जा संतुलित होने का प्रयास करती है।

ठंडे पानी का नुकसानः बहुत ठंडे पानी से नहाने पर त्वचा की रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं और शरीर खुद को गर्म रखने के लिए प्रतिक्रियात्मक रूप से अधिक ऊष्मा (Heat) पैदा करने लगता है। इससे मरीज को कपकपी छूटती है और अंदरूनी बुखार व बेचैनी बढ़ जाती है।

अत्यधिक गर्म पानी का प्रभावः ज्यादा गर्म पानी से नहाने से भी शरीर पर अतिरिक्त तनाव पड़ता है और कमजोरी बढ़ सकती है।

सही तरीका - गुनगुना पानी या स्पंजिंगः यदि मरीज में पर्याप्त शक्ति है, तो गुनगुने पानी से नहाना सबसे सुरक्षित है। यह पसीने को साफ कर शरीर को शिथिलता प्रदान करता है। अत्यधिक कमजोरी की स्थिति में गुनगुने पानी में साफ सूती कपड़ा भिगोकर पूरे शरीर को पोंछना सबसे बेहतर विकल्प है।

# बैठकर यूरिन करना चाहिए या खड़े होकर?

यूरिनेशन एक बहुत कॉमन प्रोसेस है। इसके माध्यम से शरीर का कचरा बाहर निकल जाता है। आमतौर पर पुरुष खड़े होकर पेशाब करते हैं, लेकिन कुछ लोग बैठकर पेशाब करना पसंद करते हैं। लेकिन एक सवाल जो कई लोगों के मन में आता है वो है कि बैठकर यूरिन करना चाहिए या खड़े होकर। अगर आपके मन में भी ये सवाल तो ये आर्टिकल आपके लिए है। फोर्टिस के यूरोलॉजिस्ट डॉ. पंकज पवार बता रहे हैं कि बैठकर यूरिन करना चाहिए या खड़े होकर। चलिए जानते हैं। स्थिति पर निर्भर करता है। यूरोलॉजिस्ट डॉ. पंकज पवार का मानना है कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मूत्राशय बिना ज़ोर लगाए आराम से पूरी तरह खाली हो। केवल बैठकर या खड़े होकर यूरिन करने से कोई व्यक्ति स्वस्थ या अस्वस्थ नहीं होता। स्वस्थ पुरुष यदि खड़े होकर यूरिन करते हैं तो यह पूरी तरह सामान्य है और इसमें कोई समस्या नहीं है।

लेकिन जिन पुरुषों को प्रोस्टेट बढ़ने,पेशाब करने में कठिनाई,कमजोर धार,बार-बार पेशाब आने या पेशाब के बाद भी मूत्राशय पूरी तरह खाली न होने का अहसास होता है,उनके लिए बैठकर यूरिन करना आरामदायक हो सकता है।

बैठने की स्थिति में पेल्विक फ्लोर की मांसपेशियां ज्यादा रिलैक्स होती हैं, जिससे कुछ मरीजों में मूत्राशय बेहतर तरीके से खाली हो सकता है और ज़ोर लगाने की आवश्यकता कम पड़ती है।

रात में बार-बार उठने वाले बुजुर्ग पुरुषों के लिए भी बैठकर यूरिन करना ज्यादा आरामदायक हो सकता है।

यूरोलॉजिस्ट डॉ. पंकज पवार बताते हैं कि भारतीय शौचालय में स्क्वाटिंग की स्थिति पेल्विक फ्लोर की मांसपेशियों को रिलैक्स करने में मदद करती है और कुछ लोगों में मूत्राशय बेहतर तरीके से खाली हो पाता है।

# विश्व हेपेटाइटिस दिवस - हर साल 13 लाख लोगों की जान ले रहा हेपेटाइटिस



विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र की कार्यवाहक प्रमुख डॉ. कैथरीना बोहेमे ने कहा कि वायरल हेपेटाइटिस आज दुनिया की सबसे घातक संक्रामक बीमारियों में शामिल है। वर्ष 2024 में दुनिया भर में 13 लाख लोगों की मौत हेपेटाइटिस के कारण हुई। उन्होंने कहा कि समय पर जांच, सही इलाज और लगातार देखभाल से इनमें से अधिकांश मौतों को रोका जा सकता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में लगभग 4.3 करोड़ लोग हेपेटाइटिस-बी और 80 लाख लोग हेपेटाइटिस-सी से संक्रमित हैं। हर साल इस क्षेत्र में 2 लाख से अधिक लोगों की मौत लीवर सिरोसिस और लीवर कैंसर जैसी हेपेटाइटिस से जुड़ी बीमारियों के कारण होती है

इस वर्ष विश्व हेपेटाइटिस दिवस की वैश्विक थीम 'हेपेटाइटिसः लेट्स ब्रेक इट डाउन' रखी गई है जबकि दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में इसे 'एलिमिनेटिंग हेपेटाइटिस एवरीवेयर, फॉर एवरीवन- राइट नाउ' थीम के साथ मनाया जा रहा है। इनका उद्देश्य लोगों तक रोकथाम, जांच और इलाज की सुविधाएं बिना किसी बाधा के पहुंचाना है। डब्ल्यूएचओ ने बताया कि क्षेत्र में कई सकारात्मक उपलब्धियां भी मिली हैं। 2024 में हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन की तीसरी खुराक का कवरेज 92 प्रतिशत तक पहुंच गया। 2025 में मालदीव दुनिया का पहला देश बना, जिसे एचआईवी, सिफिलिस और हेपेटाइटिस-बी से ग्रसित मां से बच्चे में संक्रमण को खत्म करने के लिए मान्यता मिली। वहीं, थाईलैंड और श्रीलंका को एचआईवी और सिफिलिस से ग्रसित मां से बच्चे में संक्रमण खत्म करने की उपलब्धि के लिए मान्यता दी गई है। थाईलैंड ने हेपेटाइटिस उपचार को अपनी यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज व्यवस्था में शामिल किया है। भारत में एचआईवी और सिफिलिस के मां से बच्चे में संक्रमण को खत्म करने के राष्ट्रीय अभियान के साथ-साथ हेपेटाइटिस-बी टीकाकरण और गर्भवती महिलाओं की जांच में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। वहीं, बांग्लादेश ने कॉक्स बाजार जैसे मानवीय संकट वाले क्षेत्रों सहित कमजोर वर्गों के लिए हेपेटाइटिस सेवाओं का विस्तार किया है। इनका लक्ष्य 2030 तक वायरल हेपेटाइटिस को सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरे के रूप में समाप्त करना है।

# लिवर को हेल्दी रखने के लिए सिर्फ डिटॉक्स नहीं, हेपेटाइटिस बी से बचाव भी है जरूरी, डॉक्टर बता रहे हैं क्यों?



लिवर खून को साफ करने, पाचन में मदद करने, ऊर्जा को स्टोर करने और शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर निकालने जैसे कई जरूरी काम करता है। ऐसे में उसे हेल्दी रखने के लिए लोग डिटॉक्स ड्रिंक, हर्बल सप्लीमेंट और तरह-तरह के घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल करते हैं।

लेकिन कानपुर स्थित अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल में सीनियर कंसल्टेंट, गैस्ट्रो सर्जरी और डॉक्टर साद अनवर कहते हैं कि लिवर को स्वस्थ रखना केवल शरीर से विषैले पदार्थ निकालने तक सीमित नहीं है। लिवर को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए सही खानपान, नियमित जांच, स्वस्थ जीवनशैली और हेपेटाइटिस-बी से बचाव के उपाय अपनाकर ही लिवर को लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है। हेपेटाइटिस बी एक वायरल संक्रमण है, जो लिवर को प्रभावित करता है।

कई बार इसके शुरुआती लक्षण नजर नहीं आते और व्यक्ति को लंबे समय तक बीमारी की जानकारी नहीं होती। लंबे समय तक संक्रमण रहने पर यह लिवर में सूजन, फाइब्रोसिस, सिरोसिस और यहां तक कि लिवर कैंसर जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। हेपेटाइटिस बी संक्रमित खून, संक्रमित सुई, असुरक्षित यौन संबंध और संक्रमित मां से बच्चे में फैल सकता है। इसलिए रक्त चढ़ाने से पहले उसकी जांच, इस्तेमाल की गई सुई से बचाव और सुरक्षित स्वास्थ्य आदतें अपनाना जरूरी है। टैटू या पियर्सिंग जैसी प्रक्रियाओं में भी साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। हेपेटाइटिस बी से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका टीकाकरण है। बच्चों को जन्म के समय हेपेटाइटिस-बी का टीका लगना बेहद जरूरी होता है। इसके अलावा जिन लोगों का टीकाकरण नहीं हुआ है, उन्हें डॉक्टर की सलाह से वैक्सीन जरूर लगवानी चाहिए। लिवर को स्वस्थ रखने के लिए जीवनशैली में कुछ आसान बदलाव भी जरूरी हैं। संतुलित आहार लें, जिसमें हरी सब्जियां, फल, दालें और पर्याप्त प्रोटीन शामिल हों।

ज्यादा तला-भुना भोजन, अत्यधिक चीनी और शराब का सेवन लिवर पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। नियमित व्यायाम करें, वजन को नियंत्रित रखें और बिना डॉक्टर की सलाह के दवाओं या सप्लीमेंट का सेवन न करें।

# पेट में लगातार गैस और एसिडिटी बनना नहीं है सामान्य, डॉक्टर से जानें इसके पीछे हो सकती हैं कौन सी वजहें?

अगर आपको लगातार गैस या एसिडिटी हो रही है तो अपनी सेहत को लेकर सावधान हो जाना चाहिए। कई बार भारी और मसालेदार खाना खाने के बाद अक्सर लोगों को गैस या बदहजमी होती है। लेकिन अगर आपको गैस या एसिडिटी हर दिन हो रही है तो इसे नार्मल न समझें।

साओल हार्ट सेंटर के संस्थापक, एमबीबीएस और एमडी, डॉक्टर बिमल छाजेर ने अपने यू ट्यूब पर वीडियो शेयर कर बताया है कि किन वजहों से लगातार आपको गैस, ब्लोटिंग या एसिडिटी का सामना करना पड़ सकता है?

गैस्टिक फूड्स का सेवनः अगर आपको रोजाना गैस और एसिडिटी हो रही है तो इसके पीछे आपका खानपान मुख्य रूप से ज़िम्मेदार हप्ता है। ऐसे में ध्यान दें कि आप ऐसा क्या खाते हैं जिससे आपको गैस और एसिडिटी हो रही है। कई बार राजमा, पता गोभी, फूलगोभी और ब्रोकली भी गैस और एसिडिटी की वजह बनती है। फ्राइड, ऑयली फूड्स और कोल्डड्रिंक्स भी आपके पेट में गैस बनाने का काम करते हैं।

पुअर ईटिंग हैबिट्सः अगर आप बहुत जल्दी जल्दी खाना खाते हैं, या खाना खाते समय बहुत ज़्यादा बोलते हैं या एक साथ बहुत खाना खा लेते हैं या आधी रात को खाना खा रहे हैं तो ये आदतें आपकी पाचन तंत्र को कमजोर करती हैं जिससे आपको गैस, ब्लोटिंग और एसिडिटी की समस्या हो सकती है।

खराब गट हेल्थः जब आप अपनी डाइट का ध्यान नहीं रखते हैं और जंक, पैकेज्ड फूड्स और शुगरी फूड्स खूब खाते हैं इस वजह से अक्सर गट हेल्थ खराब होने लगती है।

# कम हो सकता है चश्मे का नंबर, रोजाना करना शुरू कर दें ये योगासन

आजकल की डिजिटल लाइफस्टाइल में मोबाइल, लैपटॉप और टीवी की स्क्रीन के सामने घंटों बिताना हमारी मजबूरी बन चुका है। इसका सीधा असर हमारी आंखों की रोशनी पर पड़ता है।

कम उम्र में ही मोटा चश्मा लगना अब एक आम बात हो गई है। हालांकि, सही देखभाल और नियमित योगाभ्यास से आप अपनी आंखों की मांसपेशियों को मजबूत बना सकते हैं और चश्मे के नंबर को बढ़ने से रोक सकते हैं। यहां हम आपको कुछ योगासन के बारे में बताने जा रहे हैं जिसकी मदद से आप अपने चश्मे के नंबर को कम कर सकते हैं।

1. त्रटक क्रिया

इस योगासन को करने के लिए एक कमरे में मोमबत्ती की लौ या दीवार पर बने एक काले बिंदु को अपनी आंखों के ठीक सामने रखें। बिना पलक झपकाए तब तक उस बिंदु पर ध्यान केंद्रित करें जब तक आंखों से पानी न आने लगे। इसके बाद आंखें बंद कर लें। यह आंखों की एकाग्रता बढ़ाता है, नसों को मजबूती देता है और दृष्टि को तेज करता है।

2. पाल्मिंग

इसके लिए शांत बैठें और अपनी दोनों हथेलियों को आपस में तब तक रगड़ें जब तक वे गर्म न हो जाएं।

# क्या हर व्यक्ति को हेपेटाइटिस की जांच करानी चाहिए? फोर्टिस के डॉक्टर ने बताया किनके लिए ये टेस्ट है जरूरी

हेपेटाइटिस हमारे लीवर से जुड़ी एक गंभीर बीमारी है, जिसके बारे में जागरूकता की कमी अक्सर बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनती है। हेपेटाइटिस मुख्य रूप से पांच तरह के होते हैं A, B, C, D और E। इनमें से हेपेटाइटिस B और C सबसे खतरनाक माने जाते हैं क्योंकि इनके शुरुआती लक्षण अक्सर दिखाई नहीं देते। इसी वजह से इन्हें "साइलेंट किलर" भी कहा जाता है। कोई व्यक्ति बिना किसी परेशानी के वर्षों तक इस वायरस के साथ जी सकता है, जबकि वायरस धीरे-धीरे लिवर को नुकसान पहुंचाता रहता है। जब तक पीलिया, अत्यधिक थकान या पेट में दर्द जैसे लक्षण सामने आते हैं, तब तक लिवर सिरोसिस या लिवर कैंसर जैसी गंभीर स्थिति बन चुकी होती है। लेकिन एक सवाल उठता है वो है कि क्या हर व्यक्ति को इसकी जांच करानी चाहिए। फोर्टिस के डॉ. रिंकेश कुमार बंसल, निदेशक, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी ने बताया है कि किन लोगों को टेस्ट करना जरूरी है। हेपेटाइटिस एक ऐसी बीमारी है जो लंबे समय तक बिना किसी स्पष्ट लक्षण के भी लिवर को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए यह समझना जरूरी है कि हर व्यक्ति को नियमित रूप से हेपेटाइटिस की जांच कराने की आवश्यकता नहीं होती, लेकिन कुछ लोगों के लिए समय पर स्क्रीनिंग बेहद महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से उन लोगों को हेपेटाइटिस बी और सी की जांच करानी चाहिए जिन्हें कभी संक्रमित ब्लड चढ़ाया गया हो, असुरक्षित इंजेक्शन या टैटू बनवाया हो, डायलिसिस पर हों, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हों, या जिनके परिवार में किसी को हेपेटाइटिस बी या सी हो।

# हेपेटाइटिस से बचने के लिए अपनाएं ये 6 आदतें, लिवर भी बनेगा फौलादी

पिछले कुछ सालों में लिवर की सेहत पर हमारी खराब हो रही लाइफस्टाइल का सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है। भारत के महानगरों में लिवर से जुड़ी बीमारी फैटी लिवर का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। इसका कारण सिर्फ शराब ही नहीं है। ऐसे नहीं कि केवल शराब पीने वालों को ही लिवर से जुड़ी बीमारी होती है। सच तो ये है कि खराब खानपान, मोटापा, डायबिटीज, कम शारीरिक गतिविधि और हेपेटाइटिस वायरस की वजह से भी बड़ी संख्या में लोग लिवर की बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। हालांकि समय पर जांच कराते रहने और कुछ हेल्दी आदतों को अपनाने से लिवर को स्वस्थ रखने और बीमारियों से बचाने में मदद मिलती है। डॉक्टर रमेश गर्ग (सीनियर डायरेक्टर और HOD, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पिटल, शालीमार बाग) ने बताया हेपेटाइटिस से कैसे बचें और लिवर को कैसे मजबूत बनाएं। हेपेटाइटिस A और B का टीका जरूर लगवाएं। यह संक्रमण से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है।

साफ और सुरक्षित खाना और पानी का सेवन करें। बाहर का अस्वच्छ भोजन और दूषित पानी संक्रमण का कारण बन सकते हैं। हाथों की सफाई का ध्यान रखें। खाना खाने से पहले और शौचालय के बाद साबुन से हाथ धोना जरूरी है।

# नॉर्मल ईसीजी और कोलेस्ट्रॉल के बाद भी बढ़ सकता है हार्ट अटैक का खतरा



आजकल की बदलती जीवनशैली में हार्ट अटैक के मरीज तेजी से बढ़े हैं। इसके पीछे मुख्य कारण, नसों में ब्लॉकेज और शरीर में बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल माना जाता है। ऐसे में इसे कंट्रोल करने के लिए लोग डाइट से लेकर दवाइयों का सहारा लेते हैं। जैसे ही लोगों का ईसीजी, ईको या कोलेस्ट्रॉल प्रोफाइल नार्मल आता है तो उन्हें लगता है कि उनका हार्ट हेल्दी है। लेकिन गुरुग्राम स्थित फोर्टिस हॉस्पिटल में डायरेक्टर और हेड कार्डियो थोरेसिक और वैस्कुलर सर्जन डॉक्टर महेश वाधवानी कहते हैं कि ऐसा नहीं है। डॉक्टर महेश वाधवानी के अनुसार, हार्ट अटैक एक दिन में नहीं आता है, इसका बिल्डअप सालों से हो रहा होता है। ऐसे में समय रहते इसका लक्षण पहचानना बहुत ज़रूरी है। डॉक्टर कहते हैं, ''कई बार लोगों ईसीजी और कोलेस्ट्रॉल चेक करा लेते हैं और मेरे पास आकर कहते हैं कि उनका रिपोर्ट तो नार्मल आया है लेकिन उनके छाती में दर्द हो रहा है ऐसे में जनाना ज़रूरी है कि ऐसा क्यों होता है? डॉक्टर महेश वाधवानी के अनुसार, ईसीजी में बदलाव अक्सर तभी दिखता है जब हार्ट में डैमेज हो। और हार्ट में डैमेज हमेशा हार्ट अटैक के बाद ही नज़र आता है। ईसीजी का टेस्ट है बताता है कि अभी हार्ट अटैक हुआ है या पहले हुआ है। लेकिन भविष्य में आपको हार्ट अटैक होगा या नहीं वह यह नहीं बताता है।

# बच्चों के लिए जानलेवा बन रही सैंड फ्लाई क्या है? डॉक्टर ने बताए लक्षण और कैसे फैलता है संक्रमण

देश के कई हिस्सों में मानसून के दौरान कीटों से होने वाली बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इन्हीं में से एक है सैंड फ्लाई (Sand Fly), जो आकार में मच्छर से भी छोटी होती है, लेकिन इसके काटने से होने वाला संक्रमण कई मामलों में गंभीर साबित हो सकता है। सैंड फ्लाई मुख्य रूप से नमी वाली जगहों, झाड़ियों, पशुओं के बाड़ों, मिट्टी की दरारों और गंदगी वाले क्षेत्रों में पाई जाती है। यह आमतौर पर शाम और रात के समय अधिक सक्रिय रहती है। हाल ही में गुजरात के अलग-अलग इलाकों में सैंड फ्लाई से पीड़ित बच्चों के मामले देखे गए हैं। यह वायरस गुजरात के गांधीनगर, साबरकांठा, खेड़ा, अरावली और पंचमहाल जिलों में देखने को मिला है। ये वायरस 15 साल से कम उम्र के बच्चों में सैंड फ्लाई (रेत मक्खी) के काटने से ज्यादा फैलता है। डॉक्टर नेहा गर्ग (सलाहकार नवजात शिशु रोग, यथार्थ अस्पताल, आगरा) के अनुसार, सैंड फ्लाई लीशमैनियासिस (कालाजार) जैसी गंभीर बीमारी फैला सकती है। यह बीमारी लीशमैनिया नामक परजीवी के कारण होती है, जो संक्रमित सैंड फ्लाई के काटने से शरीर में प्रवेश करता है। सैंड फ्लाई पहले किसी संक्रमित इंसान या जानवर का खून चूसती है और फिर दूसरे व्यक्ति को काटने पर संक्रमण फैला सकती है। यह बीमारी सामान्य संपर्क, हाथ मिलाने, साथ बैठने या भोजन साझा करने से नहीं फैलती। सैंड फ्लाई के काटने के बाद शुरुआत में त्वचा पर लाल दाने, खुजली, जलन या हल्की सूजन दिखाई दे सकती है। यदि संक्रमण विकसित हो जाए तो लगातार कई दिनों तक बुखार, अत्यधिक कमजोरी, वजन घटना, भूख कम लगना, एनीमिया, तिल्ली और लीवर का बढ़ जाना जैसे लक्षण सामने आ सकते हैं। कुछ मरीजों में त्वचा पर लंबे समय तक न भरने वाले घाव या अल्सर भी बन सकते हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। डॉक्टर नेहा गर्ग ने बताया कि घर और आसपास की साफ-सफाई बनाए रखें, कचरा और नमी जमा न होने दें, रात के समय पूरी बाजू के कपड़े पहनें, कीटनाशक युक्त मच्छरदानी का उपयोग करें और कीट भगाने वाली क्रीम या स्प्रे का इस्तेमाल करें। यदि लंबे समय तक बुखार, त्वचा पर घाव या अन्य असामान्य लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत डॉक्टर से जांच करानी चाहिए। समय पर पहचान और उचित उपचार से इस बीमारी पर प्रभावी रूप से नियंत्रण पाया जा सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि मानसून के मौसम में सैंड फ्लाई की संख्या बढ़ने के साथ-साथ जागरूकता भी उतनी ही जरूरी हो जाती है। चूंकि यह कीट आकार में बेहद छोटा होता है, इसलिए अधिकांश लोगों को इसके काटने का तुरंत पता भी नहीं चल पाता। ऐसे में यदि किसी क्षेत्र में सैंड फ्लाई से जुड़े मामलों की पुष्टि हुई हो, तो वहां रहने वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।



# पीएम मोदी ने सचिवों के साथ की दूसरी उच्च-स्तरीय बैठक, विकसित भारत के लक्ष्य पर हुई चर्चा



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित अपने आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर भारत सरकार के सचिवों के साथ दूसरी उच्च-स्तरीय बैठक की। बैठक में वित्त एवं अर्थव्यवस्था, वाणिज्य एवं उद्योग और प्रौद्योगिकी से जुड़े क्षेत्रों की समीक्षा की गई। इस दौरान विकसित भारत के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आगे की कार्ययोजना और विभिन्न मंत्रालयों की प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के बीच बेहतर तालमेल और टीम भावना के साथ काम करने पर जोर दिया। उन्होंने सरकार के भीतर क्षैतिज एवं ऊर्ध्वाधर दोनों प्रकार की कार्यगत बाधाओं को समाप्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और एकीकृत एवं प्रभावी परिणाम सुनिश्चित कर सकें। प्रधानमंत्री ने नागरिक केंद्रित शासन को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि शासन व्यवस्था के केंद्र में देश की जनता होनी चाहिए।उन्होंने याद दिलाया कि हर निर्णय और नीति आम-नागरिक के हितों और आकांक्षाओं के अनुरूप होना चाहिए। पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत जहां बुनियादी ढांचे के विकास में उल्लेखनीय निवेश कर रहा है, वहीं स्वदेशी तकनीकों को विकसित करने को भी समान प्राथमिकता दिया जाना चाहिए।

उन्होंने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तकनीकी आत्मनिर्भरता और घरेलू क्षमताओं के निर्माण के महत्व पर विशेष बल दिया। पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि ऊर्जा सुरक्षा का सीधा संबंध राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और नागरिकों के कल्याण से है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत को नवाचार, विविधता और क्षमता निर्माण में तेजी लाकर ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करना होगा। सुधारों को सिरफ एक चलन या फैशनेबल शब्द न मानकर प्रभावी शासन के लिए एक निरंतर आवश्यकता बतलाते हुए, मोदी ने कार्यप्रणालियों में सुधार लाने, कार्य संस्कृति को बेहतर बनाने तथा संस्थागत दक्षता को मज़बूत करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टेक्नोलॉजी के बढ़ते उपयोग के साथ-साथ डिजिटल प्रणालियों और अवसंरचना को सुरक्षित रखने के लिए साइबर सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने उभरते साइबर खतरों के खिलाफ लगातार सतर्क रहने और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में युवा नवोन्मेषकों तथा उद्यमियों की भागीदारी बढ़ाने की अपील की।

पीएम मोदी ने उन रणनीतिक क्षेत्रों में सक्रिय संवाद और जनसंपर्क के महत्व पर भी बल दिया, जहां देश महत्वपूर्ण पहल कर रहा है, जिससे इन प्रयासों से जुड़ी भ्रामक जानकारी और बेबुनियाद आशंकाओं का प्रभावी ढंग से मुकाबला किया जा सके।

उन्होंने कहा कि कार्यबल को उभरते और भविष्य के उद्योगों द्वारा आवश्यक कौशल से सुसज्जित करने के लिए नए शैक्षणिक पाठ्यक्रमों की योजना उद्योग जगत के साथ साझेदारी में बनानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को हमेशा युवा, गतिशील और दूरदर्शी बने रहना चाहिए तथा नई चुनौतियों और अवसरों के अनुरूप फुर्ती एवं नवाचार के साथ निरंतर स्वयं को ढालते रहना चाहिए।

## ‘75 साल के प्रधानमंत्री और उनकी दिवंगत मां को भद्दी गालियां दी गईं’

नीट पेपर लीक के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर हुआ प्रदर्शन अब समाप्त हो गया है। सरकार ने प्रदर्शनकारियों की सभी मांग मान ली है और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा भी दे दिया है। हालांकि, इस प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई टिप्पणियों का मामला भी चर्चा में रहा। अब संसद के मॉनसून सत्र के दौरान भी ये मुद्दा उठा। भाजपा की सांसद कंगना रनौत पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों की निंदा की है और सवाल उठाया है कि ये कैसे छात्र हैं। हाल ही में केंद्र सरकार ने पेपर लीक के खिलाफ पब्लिक एग्जामिनेशन (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन बिल, 2026 पेश किया है। इस बिल पर बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने कहा- “हमारे प्रधानमंत्री ने देश और लोगों के हित में छोटे से लेकर बड़े हर मुद्दे को हल करने के अपने संकल्प से दुनिया के सामने एक बेहतरीन मिसाल पेश की है। सरकार ने इस मामले की जांच करने और परीक्षा प्रणाली को भ्रष्टाचार-मुक्त बनाने के लिए एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया है। आज विपक्ष की आलोचना उनकी निराशा को दर्शाती है।”

## ‘सावधान हो जाइए...’ एंटी पेपर लीक बिल पर चर्चा के दौरान ओवैसी ने सरकार को दी चेतावनी



ऑल इंडिया मजलिए-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सुप्रीमो असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को एंटी पेपर लीक बिल पर सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि सावधान हो जाइए। कहीं आपकी मिस गवर्नेंस की वजह से खुदा ना खास्ता जो पड़ोसी देश में हुआ वैसी हरकत यहां पर न हो जाए। उस आफत को आप दावत दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि नौजवानों को छोड़कर, उनसे रिश्ता खत्म करके अगर आप हुकूमत करना चाहते हैं तो यह आपकी गलतफहमी है। ओवैसी ने कहा कि वर्ष 2024 में भी नीट का पेपर लीक हुआ। उस मामले में हाई लेवल कमेटी बनाई गई लेकिन पता नहीं उसी रिपोर्ट का क्या हुआ? उन्होंने कहा कि आज के नौजवान नौकरी की उम्मीद खो चुके हैं। उन्होंने कहा कि मैं नौजवानों के साथ खड़ा हूं जिनकी जिंदगियां पेपर लीक के चलते बर्बाद हो गई हैं। मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि क्या कानून बदलने से, सेल्फी वीडियो बनाने से, इस्तीफा लेने से या स्पेशल टास्क फोर्स बनाने से जिन छात्रों ने स्यूसाइड की उनकी जिंदगी वापस आ जाएगी। ओवैसी ने कहा कि नया कानून लाकर सरकार नौजवानों को यह संदेश दे रही है कि तुम निकलकर सड़क पर आओ तब हम डरेंगे। लोग अगर इस तरह से प्रोटेस्ट में विश्वास करने लगेंगे तो फिर पार्लियामेंट का क्या मायने रह जाएगा। यह बेहद गंभी मामला है। इससे पहले केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर असदुद्दीन ओवैसी ने इसे न्याय की जीत बताया था। उन्होंने कहा कि यह उन तमाम युवाओं की जीत है जो न्याय और संविधान के दायरे में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठा रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री का त्यागपत्र देश के युवाओं के संघर्ष और जद्दोजहद की बड़ी कामयाबी है। उन्होंने कहा, “यह कामयाबी हक की झूठ पर विजय है। यह उन तमाम नौजवानों की कुर्बानी और मेहनत की जीत है। मैं उन्हें मुबारकबाद देता हूं।” उन्होंने NTA को जबरदस्ती लाकर और सिस्टम को सेंट्रलाइज़ करके मामलों को और उलझा दिया है।

# Gen Z को कंगना रनौत ने कह दिया था ‘जनरेशन गटर’, अब ‘कॉकरोचों’ ने दिया है करारा जवाब



नीट पेपर लीक मामले को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बाद शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से लोकसभा सांसद कंगना रनौत ने विवादित बयान दे दिया है। उन्होंने प्रदर्शन कर रहे छात्रों को जेन-जी की जगह ‘जनरेशन गटर’ कह दिया। उनके इस बयान पर कॉकरोच जनता पार्टी के सौरव दास और आशुतोष रांका का बयान सामने आया है। सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने तो यहां तक कह दिया कि ‘जेन Z’ (Gen Z) का योगदान इस देश के लिए आपसे कहीं ज्यादा है। जब BJP सांसद कंगना रनौत से ‘जेन Z’ (Gen Z) प्रदर्शनकारियों पर उनकी टिप्पणी के बारे में पूछा गया, तो CJP के प्रवक्ता सौरभ दास ने कहा, “...ये शब्द किसी ऐसे व्यक्ति के नहीं लगते जो मानसिक रूप से स्थिर हो। क्योंकि आप युवाओं के लिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करेंगे। अगर आपके परिवार में कोई युवा है जो ‘जेन Z’ या ‘जेन अल्फा’ (Gen Alpha) से है, तो क्या आप उनके लिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल करेंगे? तो, मुझे नहीं पता। मतलब, कंगना रनौत के बारे में मेरे पास कहने के लिए ज्यादा कुछ नहीं है...” प्रिय सौरव, तुम्हारी समस्या पर्सनल है। तुम छात्र नहीं, बेकार हो।

## मथुरा में गोवर्धन चौराहे पर रोडवेज बस के आगे के शीशे में फंसा युवक, आई गंभीर चोटें



उत्तर प्रदेश के मथुरा में गोवर्धन चौराहे पर एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि हरियाणा रोडवेज की एक बस सराय काले खां (दिल्ली) से आगरा जा रही थी। इसी दौरान एक युवक बस के आगे के शीशे में आधा अंदर और आधा बाहर फंसा दिखाई दिया। युवक के शरीर पर चोट के निशान भी वीडियो में नजर आ रहे हैं। घटना का स्पष्ट कारण फिलहाल सामने नहीं आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। वीडियो में युवक बस के आगे के टूटे शीशे में फंसा दिखाई देता है, जिससे उसके घायल होने का भी अंदाजा लगाया जा सकता है। शख्स के सिर से खून बहता भी दिखाई दे रहा है। स्थानीय स्तर पर यह भी बताया जा रहा है कि युवक नशे की हालत में था, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फिलहाल पुलिस या संबंधित अधिकारियों की ओर से घटना के कारण और युवक की स्थिति को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी जारी नहीं की गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस के आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई और घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। स्थानीय स्तर पर यह भी कहा जा रहा है कि युवक नशे की हालत में था, लेकिन इस संबंध में अभी तक किसी भी अधिकारी ने आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। वहीं पुलिस का कहना कि घटना की जानकारी मीडिया के द्वारा ही प्राप्त हुई है, घटना से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, किन कारणों से यह हादसा हुआ है अगर कोई जानकारी मिलती है या कोई रिपोर्ट दर्ज करता है तो आगे की वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। वहीं, गोवर्धन में आयोजित उत्तर भारत के सबसे बड़े मुड़िया पूर्णिमा मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच परिवहन और सुरक्षा व्यवस्था अपर्याप्त दिखाई दे रही है। एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की संभावित आमद को देखते हुए जिला प्रशासन और परिवहन निगम ने व्यापक तैयारियों का दावा किया है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर बयां कर रही है। गोवर्धन तक पहुंचने के लिए लागू वन-वे व्यवस्था के चलते निजी और डग्गेमार वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। ऐसे में श्रद्धालुओं की निर्भरता पूरी तरह रोडवेज बसों पर है।

# राजस्थान नहीं अब ‘बाघस्थान’ कहिए जनाब! बाघों की बढ़ती संख्या के साथ नई चुनौतियां भी बढ़ीं



जयपुर। राजस्थान अब ‘बाघस्थान’ कहा जाने लगा है! यह सुनकर थोड़ी हैरत जरूर होगी लेकिन बाघों की लगातार बढ़ती संख्या के चलते ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस (29 जुलाई) के अवसर पर प्रदेश के पांचों बाघ अभयारण्यों में बाघों की संख्या बढ़कर 149 पहुंच जाना वन्यजीव संरक्षण की बड़ी सफलता का प्रतीक है। कभी केवल 18-20 बाघों तक सिमट चुके राजस्थान के जंगल आज फिर उसकी दहाड़ से गूंज रहे हैं। हालांकि, राजस्थान में बढ़ती बाघों की संख्या के साथ संरक्षण से जुड़ी नई चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। बाघों के लिए पर्याप्त आवास उपलब्ध कराना, नए क्षेत्रों को विकसित करना और जंगलों में बसे गांवों का नियोजित विस्थापन अब बड़ी जरूरत बन गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि संरक्षण की मौजूदा सफलता को बनाए रखने के लिए बाघों की बढ़ती आबादी के अनुरूप वन प्रबंधन की रणनीति तैयार करनी होगी। रणथम्भौर, सरिस्का, धौलपुर-करौली, मुकुंदरा हिल्स और रामगढ़ विषधारी बाघ अभयारण्यों में बाघ, बाघिन और शावकों की कुल संख्या इस साल बढ़कर 149 हो गई है। पिछले साल यह आंकड़ा 135 था। मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक के.सी. अरुण प्रसाद के मुताबिक, इस वर्ष पांचों बाघ अभयारण्यों में 54 बाघिनों ने 53 शावकों को जन्म दिया है। वर्ष 2025 में 52 बाघिनों से 43 शावक पैदा हुए थे। इस साल सबसे ज्यादा 28 शावकों का जन्म सरिस्का बाघ अभयारण्य में हुआ है।

# राहुल गांधी का प्रल्हाद जोशी पर तीखा हमला, बोले- ‘बलात्कारियों का बचाव करने वाला सबसे घिनौना आदमी’

**लोकसभा में आज कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सरकार को छात्रों पर चलाई गई लाठी और आंसू गैस के गोले पर जमकर घेरा।**



नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद एवं विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नव नियुक्त केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी पर “बलात्कारियों को संरक्षण देने” का आरोप लगाया और उन्हें “सबसे घिनौना आदमी” बताया। इससे पहले प्रियंका गांधी ने प्रल्हाद जोशी की नियुक्ति को लेकर केंद्र सरकार पर हमला करते हुए आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री ने “ऐसे व्यक्ति को चुना है जिसने गर्भवती महिला से बलात्कार के दोषियों की रिहाई पर सहमति और यहां तक कि खुशी भी जताई थी।” लोकसभा में प्रियंका गांधी की टिप्पणियों पर सत्ता पक्ष के सांसदों ने कड़ी आपत्ति जताई। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने उन पर संसद में मानहानिकारक बयान देने का आरोप लगाया। रिजिजू ने कहा कि ये टिप्पणियां “चरित्र हनन” के समान हैं। उन्होंने इन्हें कार्यवाही से हटाने की मांग की। कांग्रेस सांसद ने पुलिस कार्रवाई के लिए जवाबदेही भी मांगी और पूछा कि प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पेलेट गन के इस्तेमाल का आदेश किसने दिया था।

उन्होंने पूछा, “पेलेट गन का इस्तेमाल करने और छात्रों की आवाज दबाने का आदेश किसने दिया?” साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से यह स्पष्टीकरण देने की मांग की कि परीक्षा विवाद को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के खिलाफ बल का प्रयोग क्यों किया गया। प्रियंका ने आगे आरोप लगाया कि देश की परीक्षा और शिक्षा प्रणाली विफल हो चुकी है। बार-बार होने वाले प्रश्नपत्र लीक ने छात्रों का विश्वास चकनाचूर कर दिया है। उन्होंने कहा, “शिक्षा प्रणाली में खामियां आ गई हैं। परीक्षा प्रणाली विफल हो गई है।

किसी भी माफिया सदस्य को सजा नहीं मिली है।” उन्होंने परीक्षा में धांधली करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने में सरकार की विफलता का आरोप लगाया। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के बयानों के बाद संसद के भीतर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर राजनीतिक लाभ के लिए गंभीर आरोप लगाने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि दोषियों के खिलाफ त्वरित और कठोर कार्रवाई के बिना स्थिति में सुधार संभव नहीं है।

## नीट प्रदर्शन के संबंध में 5000 लोगों पर मामला दर्ज करने पर BJP ने केरल सरकार को घेरा




नीट पेपर लीक और धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर छात्रों ने देशभर में प्रदर्शन किया। भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने मंगलवार को कांग्रेस के नेतृत्व वाली केरल सरकार पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया है। बीजेपी ने कहा कि केरल सरकार ने नीट पेपर लीक संबंधी विरोध प्रदर्शन में शामिल लगभग 5,000 युवाओं के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। बीजेपी ने यह आरोप तब लगाया गया जब केरल में नेता प्रतिपक्ष पिनराई विजयन ने मंगलवार को मुख्यमंत्री वीडी सतीशन को पत्र लिखकर राज्य सरकार से आग्रह किया कि वह नीट पेपर लीक को लेकर केरल में प्रदर्शन में शामिल युवाओं के खिलाफ दर्ज सभी मामले बिना शर्त वापस ले। विजयन ने अपने पत्र में कहा कि केरल में छात्रों, युवाओं, सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने कथित पेपर लीक को लेकर केंद्र के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन के समर्थन में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किए। उन्होंने दावा किया कि राज्यभर में हुए विरोध प्रदर्शनों के सिलसिले में केरल पुलिस ने लगभग 5,000 लोगों के खिलाफ़ मामले दर्ज किए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक वीडियो बयान में कहा कि कांग्रेस ‘दोहरे मापदंड’ अपनाती है। उसके पास अपने एवं दूसरों के लिए अलग-अलग सिद्धांत हैं।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए मुद्रक ताराचन्द कुमावत महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नं 17, माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर - 302012 ( राजस्थान) से मुद्रित व 1053, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली, राजस्थान - 306401 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा) समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार I RNI No. - RJMUL/26/A4290 प्रबंध सम्पादक - प्रदीप सिंह, मो . 9983831415